53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 9.1 °c
अधिकतम 22.6 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606
संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा
रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 7:06 सूर्यास्त-5:59 | वर्ष : 53/ अंक : 34 | मंगलवार, 04 फरवरी 2025 | माघ, शुक्ल पक्ष, सप्तमी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

अमृतवाणी

समझनी है जिंदगी तो पीछे देखो, जीनी है जिंदगी तो आगे देखो..

यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

खड़गे ने गलत तथ्य रखकर देश की छवि खराब की : पीयूष गोयल

देश तो अपनी जगह है... खुद की छवि पर चोट की....

रेलवे स्टेशन के सामने शत्रु सम्पत्ति पर काबिज मुफ्ती पहुंचे गृह मंत्रालय

मुजफ्फरनगर, 3 फरवरी (बु.)। मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन के सामने स्थित एक मस्जिद और चार दुकानों की जमीन को शत्रु सम्पत्ति घोषित किया जा चुका है। उसके बावजूद अब अपना पक्ष लेकर शत्रु सम्पत्ति पर काबिज मुफ्ती सोमवार को गृह मंत्रालय पहुंच गए। इस मामले में सुनवाई की तारीख 17 फरवरी नियत

गृह मंत्रालय ने सुनवाई के लिए 17 फरवरी नियत की

की गयी है। आपको बता दें कि रेलवे स्टेशन के सामने पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री लियाकत खान के परिवार से जुड़े लोगों के नाम वाली भूमि को शत्रु सम्पत्ति घोषित कर दिया गया था। शत्रु सम्पत्ति विभाग की ओर से जिला प्रशासन को पत्र भेजकर डीएम को निर्देशित किया है कि उक्त सम्पत्ति का नियंत्रण और प्रबंधन अपने हाथ में ले लें। उक्त आदेश आने के बाद शत्रु सम्पत्ति पर काबिज मुफ्ती मुजीबुर्र इस्लाम सोमवार को गृह मंत्रालय पहुंचे जहां उन्होंने अपने अधिवक्ताओं के साथ मंत्रालय में अपील की। इस अपील पर सुनवाई 17 फरवरी को होनी नियत हुई है। आपको बता दें कि रेलवे स्टेशन के सामने खसरा नम्बर 930 की 0.0820 है० भूमि को शत्रु सम्पत्ति घोषित कराने के लिए राष्ट्रीय हिन्दू शक्ति संगठन के राष्ट्रीय संयोजक संजय अरोरा ने जिला प्रशासन से इसकी शिकायत की थी। जिसके बाद उक्त सम्पत्ति को शत्रु सम्पत्ति घोषित कर दिया गया था। शत्रु सम्पत्ति के उपसंरक्षक राजेन्द्र कुमार ने इस सम्बंध में डीएम को पत्र भेजकर सम्पत्ति पर कब्जा लेने और इसके नियंत्रण एवं प्रबंधन को संभालने के लिए कहा था, मगर अभी तक उसे कब्जे में नहीं लिया गया। आज सोमवार को मुफ्ती के गृह मंत्रालय पहुंच जाने के बाद उक्त मामले में फिर एक बार सुरसुराहट होती दिखी और माना जा रहा है कि 17 फरवरी से पूर्व ही हिन्दू संगठन फिर एक बार इस मामले में काई बड़ा प्रदर्शन कर सकते हैं।

नर्सरी से कक्षा 8 तक स्कूलों के समय में किया बदलाव, 9 बजे खुलेंगे विद्यालय

मुजफ्फरनगर, 03 फरवरी (बु.)। दिल्ली-एनसीआर के साथ वेस्ट यूपी में मौसम में तेजी से हो रहे बदलाव एवं गर्माहट के बीच दिन में तेज धूप निकलने के चलते बेसिक शिक्षा अधिकारी ने स्कूलों के समय में फिर से परिवर्तन करने के आदेश जारी कर दिए। मौसम में जारी बदलाव के बीच सोमवार को बीएसए संदीप कुमार की ओर से जारी हुए पत्र में अवगत कराया कि जनपद में बीते माह मौसम की जारी मार के बीच शीतकालीन अवकाश के बाद कोहरे व ठंड के बाद 31 जनवरी तक ठंड के चलते नर्सरी से कक्षा 8वीं तक के सभी स्कूलों का समय सुबह 10 बजे से दोपहर तीन बजे तक किया गया था। इसी क्रम में अब जनपद में कक्षा आठवीं तक के सभी स्कूल सुबह 9 बजे खुलेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब स्कूलों की छुट्टी का समय दोपहर के 3 बजे तक ही रहेगा। बता दें, जनपद में शीतलहर के चलते डीएम के निर्देश पर नर्सरी से कक्षा आठवीं तक समस्त परिषदीय, मान्यता प्राप्त, सहायता प्राप्त, सीबीएसई, आईसीएसई एवं अन्य बोर्ड के विद्यालयों में 16 से 18 जनवरी तक अवकाश घोषित किया गया था। इस समय अवधि में शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारी विद्यालय में विभागीय कामकाज

पूर्ण करने में सक्रिय रहे थे। बीते माह 20 जनवरी से प्रारंभ हुए समय परिवर्तन को अब डीएम के निर्देश पर फिर से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने बदलते हुए सुबह 9 बजे से स्कूलों को खोले जाने के आदेश जारी किए हैं।

देवबंद में विध्वा के मकान पर पलटा मिट्टी से भरा डंपर, मां और तीन बच्चे घायल

सहारनपुर, 03 फरवरी (एजेंसी)। देवबंद नगर की शेखुल हिंद कॉलोनी में मिट्टी से भरा डंपर एक मकान पर पलट गया। एक महिला और उसके तीन बच्चे घायल हो गए, जिन्हें निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया। देवबंद की शेखुल हिंद कॉलोनी में डूडा द्वारा सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। इसमें मिट्टी भराव का कार्य चल रहा है। सोमवार को एक डंपर मिट्टी लेकर जा रहा था। इसी दौरान उसका पहिया धंस गया और डंपर सड़क किनारे एक मकान पर पलट गया। मकान की दीवार और सीमेंट की चादर से बनी छत क्षतिग्रस्त हो गई। इसकी चपेट में आकर मकान के भीतर मौजूद बेवा महिला शहरूना और उसके तीन मासूम बच्चे घायल हो गए। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग वहां पहुंचे और उन्हें बाहर निकाला। इस दौरान सूचना पर पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग मौके पर पहुंचे और नगर पालिका की एंबुलेंस से घायलों को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। चिकित्सकों ने उपचार के बाद घायलों को छुट्टी दे दी। पालिकाध्यक्ष ने महिला की हर संभव मदद किए जाने का आश्वासन दिया है।

छप्पर में आग लगने से दो पशु गम्भीर रूप से झुलसे

चरथावल, 03 फरवरी (बु.)। थाना क्षेत्र के ग्राम कुटेसरा में अज्ञात कारणों से छप्पर में आग लगने से 2 पशु झुलस गए। राहगीरों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। चरथावल थाना क्षेत्र के ग्राम कुटेसरा में अज्ञात कारणों के चलते छप्पर में आग लगने से दो पशु गम्भीर रूप से झुलस गए, जिस पर वहां से गुजर रहे राहगीरों के द्वारा बड़ी मुश्किल के बाद आग पर काबू पाया गया। पीड़ित अब्दुल सलाम पुत्र अब्दुल इकबाल ने सोमवार को जानकारी देते हुए बताया कि अचानक ही उसके छप्पर में आग लग गई थी। आग लगने से उसमें बंधे 2 पशु झुलस गए। वहीं राहगीरों के द्वारा आग को बुझाया गया। पीड़ित के द्वारा सरकार से मुआवजे की भी मांग की है।

फर्जी शिकायत मामले में बैठी ठेकेदारों के खिलाफ जांच

- पालिका टैंडर निरस्त मामले में चेयरपर्सन ने बैठाई जांच
- सभासदों की शिकायत पर दो सदस्यीय टीम करेंगी जांच
- सभासदों ने ठेकेदारों पर लगाये थे फर्जी प्रपत्र के आरोप
- डीएम के आदेश के बाद हुए थे पालिका के उक्त टैंडर निरस्त

मुजफ्फरनगर, 03 फरवरी (बु.)। नगरीय विकास को पंख लगाने की शुरू कवायदों के बीच पालिका के 149 निर्माण कार्यों के टैंडर निरस्त किए जाने और मामले में वार्ड सभासदों पर आरोप लगाने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध सदन में पनपे विरोध के बीच वार्ड सभासदों की मांग पर चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने जांच बैठा दी है। दोनों ठेकेदारों के रजिस्ट्रेशन, उनको मिले कार्यों और किए काम की जांच कराने की सभासदों ने मांग की थी। चेयरपर्सन ने मामले का संज्ञान लेते हुए दो सदस्यीय जांच समिति का गठन करते हुए मुख्य चार बिन्दुओं पर एक सप्ताह में जांच रिपोर्ट को उपलब्ध कराए जाने के लिए कहा है।

बीते 23 जनवरी को नेताजी सुभाष जयंती पर पालिका में 74 निर्माण कार्यों के लिए विभाग में टैंडर डाले गये थे। इसमें ठेकेदार तुषार पचीसिया, अभिमन्यु चौहान ने पालिका में हंगामा करते हुए डीएम से शिकायत की थी कि कुछ सभासदों ने उन्हें टैण्डर नहीं डालने दिए और धक्का-मुक्की करते हुए उनको निर्माण विभाग से भगा दिया व जान से मारने की धमकी दी है। ठेकेदारों के आरोपों को लेकर मचे बबाल के बीच डीएम ने जांच के लिए सिटी मजिस्ट्रेट को पालिका भेजा। उनकी जांच में आरोप गलत साबित हुए और सभी ठेकेदारों के टैंडर ऑनलाइन अपलोड मिले थे। सभासदों ने आरोपों को नकारते हुए ठेकेदारों पर पालिका को बदनाम करने की साजिश रचने के आरोपों के बीच अगले दिन डीएम उमेश मिश्रा से मुलाकात करते हुए ज्ञापन दिया था और टैंडर निरस्त कराने के साथ जांच की मांग की थी। वहीं 30 जनवरी की बोर्ड बैठक में भी सभासदों ने एकजुट होकर आवाज उठाई और ठेकेदारों पर फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र के बूते रजिस्ट्रेशन कराकर टैण्डर हासिल करने के आरोप लगाते हुए जांच कराये जाने, उनकी एफडी जब्त करने व उनको जारी टैण्डर निरस्त करने की मांग की थी। सभासदों की मांग पर पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने एई निर्माण अखंड प्रताप को निर्देशित किया था कि वो शिकायत करने वाले ठेकेदारों की फर्म रजिस्ट्रेशन की जांच करते हुए रिपोर्ट दे। इसके साथ चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने सभासदों द्वारा डीएम से की गई शिकायत के आलोक में 4 बिन्दुओं पर जांच करने के लिए जांच कमेटी का गठन करते हुए कर निर्धारण अधिकारी को जांच सौंपी है। उनके साथ जेई जलकल धर्मवीर सिंह कमेटी में शामिल किए गए है। एक सप्ताह में जांच कर रिपोर्ट मांगी गई है।

इन्होंने कहा-

कर निर्धारण अधिकारी दिनेश कुमार ने बताया कि चेयरपर्सन के आदेश पर मामले में सभासदों के डीएम को दिए शिकायत पत्र में उठाए बिन्दुओं पर जांच करने का काम शुरू कर दिया है। इस मामले में निर्माण विभाग से भी ठेकेदारों की फर्म के रजिस्ट्रेशन की जानकारी मांगी गई है।

चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने बताया कि पिछले दिनों ठेकेदारों ने जो आरोप लगाये प्रशासनिक जांच में वो बेबुनियाद पाए गए। ठेकेदारों द्वारा पालिका निर्माण विभाग की साइट पर डाले गए टैंडर ऑनलाइन अपलोड मिले हैं। ऐसे में सभासदों ने भी ठेकेदारों पर कुछ आरोप लगाये हैं, जिनको लेकर निष्पक्ष जांच कराने के लिए दो सदस्यीय जांच कमेटी गठित की है। कर निर्धारण अधिकारी को जांच का जिम्मा सौंपा है। रिपोर्ट आने के बाद कार्यवाही की जायेगी।



ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप के स्तर से सभासदों की शिकायत पर जांच कमेटी का गठन किया गया है। कर निर्धारण अधिकारी और जेई जलकल को कमेटी में शामिल किया है। बोर्ड बैठक के दौरान सभासदों द्वारा ठेकेदार अभिमन्यु चौहान पर फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र पर रजिस्ट्रेशन कराने के आरोपों को लेकर एई निर्माण अखंड प्रताप को जांच करने के निर्देश दिये गये हैं। उनको टैंडर स्वीकृत होने पर एई और जेई निर्माण से रिपोर्ट मांगी गई है, क्योंकि टैण्डर की टैक्निकल और फाइनेंशियल बिड खुलने पर एई व जेई दस्तावेजों का परीक्षण करते हैं।

सोनिया गांधी और पप्पू यादव के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस

नई दिल्ली, 03 फरवरी (एजेंसी)। भाजपा सांसदों ने कांग्रेस नेता और राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी की तरफ से 'सर्वोच्च पद की गरिमा को कम करने के उद्देश्य से भारत की राष्ट्रपति के खिलाफ अपमानजनक और निंदनीय शब्दों के प्रयोग के माध्यम से' संसदीय विशेषाधिकार, नैतिकता और औचित्य के उल्लंघन के लिए नोटिस दिया है। इसके साथ ही भाजपा सांसदों ने निर्दलीय सांसद पप्पू यादव के खिलाफ भी विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया है। भाजपा सांसदों ने नोटिस में लिखा, हम सोनिया गांधी की तरफ से हाल ही में कई गईं कुछ असंसदीय, अपमानजनक टिप्पणियों के बारे में बहुत निराशा के साथ यह लिख रहे हैं। सोनिया गांधी की राष्ट्रपति के खिलाफ टिप्पणी पर गंभीरता से विचार करने और अनुशासनात्मक कार्रवाई की जरूरत है। वहीं राष्ट्रपति के अभिभाषण पर टिप्पणी के लिए सोनिया गांधी और पप्पू यादव के खिलाफ संसदीय विशेषाधिकार हनन का नोटिस लाने वाले भाजपा सांसदों पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, 'इस देश के आदिवासी सांसदों ने इस मामले को बहुत गंभीरता से लिया है। उन्होंने आज लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति के समक्ष अपना ज्ञापन सौंपा है। लोकसभा में पप्पू यादव ने राष्ट्रपति के अभिभाषण को 'प्रेम पत्र' कहा...हमारे आदिवासी सांसदों ने इस पर बहुत कड़ी आपत्ति जताई और अध्यक्ष को शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बाद में राज्यसभा के सभापति को एक पत्र सौंपा, जिसमें कहा गया कि सोनिया गांधी ने राष्ट्रपति के लिए 'बेचारी महिला' और 'थकी हुई' जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया।

दिल्ली में थम गया चुनाव प्रचार, 5 फरवरी को मतदान

नयी दिल्ली 03 फरवरी (वार्ता) दिल्ली में विधानसभा चुनाव के लिए करीब एक महीने तक विभिन्न राजनीतिक संगठनों और प्रत्याशियों द्वारा रैलियों, नुक्कड़ सभाओं और पद-यात्राओं जैसे सार्वजनिक रैलियों के माध्यम से चलाए गए धुआंधार चुनाव प्रचार का शोर सोमवार शाम पांच बजे थम गया। दिल्ली में विधानसभा की 70 सीटों पर पांच फरवरी यानी बुधवार को मतदान होगा और चुनाव नतीजे आठ फरवरी को आएंगे। इस बार दिल्ली विधानसभा चुनाव में सभी सीटों पर 699 प्रत्याशी मैदान में हैं। चुनाव प्रचार के दौरान मुख्यतः तीन प्रमुख दलों- सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप), विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस पार्टी ने एक दूसरे के खिलाफ तीखे हमले किए। तीनों पार्टियों के बीच दिल्ली के मतदाताओं को लुभाने के लिए लोक-लुभावन चुनावी वायदे करने की होड़ देखी गयी। मतदान समाप्त होने से 48 घंटे पहले सार्वजनिक सभाओं और वाहनों के जरिए प्रचार पर प्रतिबंध के नियम लागू होने के बाद आज शाम से प्रत्याशी और पार्टियों के एजेंट घर-घर जा सम्पर्क अभियान करने और मोबाइल ऐप और दूरसंचार माध्यमों से संदेशों के जरिए समर्थन जुटाने में लग गए है। इस बार दिल्ली विधानसभा चुनाव को सत्तारूढ़ ह्यआपह्न के शासन मॉडल और पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर जनमत संग्रह के तौर पर देखा जा रहा है। ह्यआपह्न जहां लगातार तीसरी बार अपना गढ़ बचाने की कोशिश कर रही है। वहीं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 26 साल का वनवास

समाप्त कर सत्ता में वापसी की पुरजोर कोशिश कर रही है। इस तरह से कांग्रेस 12 साल बाद दिल्ली की सत्ता की बागडोर अपने हाथों में लेने के लिए पुरजोर दमखम लगा रही है। भाजपा ने इस बार दिल्ली विधानसभा चुनाव में श्री केजरीवाल के मुख्यमंत्री रहने के दौरान उनके सरकारी आवास पर हुए खर्चे को लेकर आप पर हमला किया। भाजपा ने चुनाव प्रचार के दौरान श्री केजरीवाल के आवास को प्रमुख मुद्दा बनाया और शीश महल नाम से उसके खिलाफ अभियान चलाया। इसके साथ ही भाजपा यमुना की सफाई, शराब घोटाले को प्रमुख मुद्दा बनाया और आप पर पाठशाला की जगह मधुशाला खोलने का आरोप लगाया। भाजपा ने आप को सत्ता से बेदखल करने के लिए अपने 40 स्टार प्रचारकों की फौज उतारी थी, जिसकी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी,

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संभाल रखी थीं। श्री मोदी ने यहां पर चुनाव प्रचार के दौरान तीन चुनावी रैलियों को संबोधित किया और लोगों से आप-दा को हटाने और भाजपा को शासन में लाने की अपील की।

बिजनौर में सात बहनों के इकलौते भाई की हादसे में मौत

बिजनौर, 03 फरवरी (एजेंसी)। सात बहनों के इकलौते भाई गर्व आर्य (17) की सड़क हादसे में मौत हो गई। इसका पता चलने पर परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। मौत के बाद स्थानीय लोगों में भी शोक व्याप्त हो गया। शेरकोट के मोहल्ला समना सराय निवासी रमेश चन्द्र आर्य का पुत्र गर्व आर्य (17) रविवार की शाम एक विवाह समारोह में शामिल होने के लिए थाना क्षेत्र के ही गांव शहजादपुर गया था। देर रात्रि जब वह अपनी बाइक पर सवार होकर घर आ रहा था, तो गांव वाजिदपुर में धर्मकांटे के निकट स्थित एक खंभे से उसकी बाइक टकरा गई। हादसे में बाइक सवार गर्व की मौके पर ही मौत हो गई। रात्रि में लगभग दो बजे किसी राहगीर ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बाइक नंबर से पहचान कराते हुए गर्व के परिजनों को सूचना दी। प्रथम बार तो परिजनों ने पुलिस की सूचना को आजकल चल रहा फर्जी फोन स्कैम समझा, लेकिन वीडियो कॉलिंग पर मृतक का चेहरा देखकर उनके होश उड़ गए। मृतक गर्व नगर के दक्ष आदर्श वैदिक इंटर कॉलेज में कक्षा 11 का छात्र था।

तड़के तीन बजे से ही वॉर रूम में योगी, पल-पल की लेते रहे अपडेट

महाकुम्भ नगर, 3 फरवरी (वार्ता) मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बसंत पंचमी के पावन अवसर पर अमृत स्नान की व्यवस्था की निगरानी के लिए प्रातः साढ़े तीन बजे से अपने सरकारी आवास स्थित वॉर रूम में बैठक की। उन्होंने डीजीपी, प्रमुख सचिव गृह और मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारियों

के साथ लगातार अपडेट प्राप्त किए और आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने इस महत्वपूर्ण आयोजन की सुरक्षा और व्यवस्था के संदर्भ में पूरी स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि स्नान के दौरान किसी भी प्रकार की कोई भी असुविधा न हो और सभी श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा प्रदान की जाए। योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे स्नान स्थल पर पूरी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें और श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक इंतजाम पूरे करें। साथ ही, उन्होंने आस्था के इस महान पर्व पर प्रशासन की तत्परता को बढ़ाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से सुरक्षा व्यवस्था और यातायात प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित किया, ताकि हजारों श्रद्धालुओं को बिना किसी समस्या के संगम में स्नान का लाभ मिल सके।

विशाल देशवाल की हत्या में वांछित चल रहे आरोपी को किया गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर, 3 फरवरी (बु.)। 28 जनवरी को जानसठ रोड स्थित अग्रसेन विहार में हमलावरों ने दो युवकों पर फायरिंग की थी, जिसमें मौके पर ही मेरठ के ही निवासी युवक विशाल देशवाल की मौत हो गयी थी। उक्त हत्या के बाद से तरह-तरह की चर्चाएं नई मण्डी क्षेत्र में व्याप्त हुई थी, मगर बारह घंटे से पहले ही पुलिस ने हत्यारोपी योगराज त्यागी उर्फ योगी निवासी सूर्यनगर, एटूजेड रोड को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया था, जबकि एक बाल अपचारी को भी पकड़ा था। एक अन्य आरोपी पीयूष निवासी अग्रसेन विहार हत्या में फरार चल रहा था, जिसे सोमवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का बताना है कि उक्त आरोपी को एटूजेड रोड के टी प्वाइंट से गिरफ्तार किया गया है, जिसकी निशानदेही पर तमंचा भी बरामद किया गया। हत्या में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। फिलहाल पुलिस ने पीयूष का चालान कर दिया है।

पीयूष ने वीडियो किया जारी, दोषी हूं तो सजा मिले, निर्दोष हूं तो मेरी मदद करें

मुजफ्फरनगर, 3 फरवरी (बु.)। विशाल देशवाल की हत्या के आरोप में नई मंडी कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी पीयूष के पकड़े जाने के बाद पीयूष द्वारा एक वीडियो जारी किया गया, उसमें उसने कहा कि पुलिस द्वारा उसे विशाल देशवाल की हत्या में आरोपी बनाया जा रहा है, यदि वह वास्तव में आरोपी है तो पुलिस उसे इस बात की सजा दे और यदि वह निर्दोष है तो उसकी मदद की जाए। इस वीडियो के जारी होने से आमजन को यह शक हो रहा है कि पीयूष वास्तव में विशाल देशवाल की हत्या में आरोपी है अथवा नहीं, क्योंकि इस तरह से वीडियो जारी करके कोई मदद की गुहार नहीं लगाता। यदि पीयूष वास्तव में हत्यारोपी होता तो उसकी हिम्मत यह वीडियो जारी करने की न होती। फिलहाल पीयूष द्वारा जारी किया गया ये वीडियो सवाल बनकर रह गया है। अब देखना यह होगा कि इस वीडियो के जारी होने के बाद उसकी कोई मदद करता है अथवा नहीं।

महाकुंभ में अखाड़ों का अमृत स्नान समाप्त

कुंभमहानगर,03 फरवरी (वार्ता) 144 साल बाद पड़े महाकुंभ में श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहे नागा साधु संतो का अमृत स्नान समाप्त हो गया। महाकुंभ मेला में अखाड़ों के अमृत स्नान का क्रम सुबह पांच बजे से शुरू हुआ था, जो शाम तीन बजकर पांच मिनट तक चला। इस बीच अखाड़ों के साधु- संत अपने लकझक रथों पर आरूढ़ होकर अपने शिविर से निकल कर संगम क्षेत्र में पहुंचे और वहीं से कुछ दूरी पर पैदल चलकर संगम में अमृत स्नान करते रहे।

अमृत स्नान में सबसे पहले साधु-संत, नागा उसके पैदल चलते थे उनके पीछे आचार्य महामंडलेश्वर, मंडलेश्वर, धानपति इसी क्रम में रथ पर सवार होकर संगम में आस्था की डुबकी लगाने पहुंचे रहे। सभी अखाडों का समय निर्धारित किया गया था। महाकुंभ के तीसरे ह्यअमृत स्नानह्न बसंत पंचमी के अवसर पर सन्यासी अखाड़ों में श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी एवं श्री शम्भू पंचायती अटल अखाड़ा सुबह 04.00 बजे अपने शिविर से नकल कर 05.00 संगम स्नान के लिए पहुंचा था। उसका 40 मिनट तक का स्नान का समय निर्धारित था। उसके बाद उसे 05.40 बजे घाट को छोडना था। अखाडा सूत्रों ने बताया कि श्री तपोनिधि पंचायती श्री निरंजनी अखाड़ा एवं श्री पंचायती अखाड़ा आनंद का शिविर से 4.50 बज प्रस्थान कर 5.50 बजे स्नान कर 6.30 बजे शिविर में आगमन दिया गया था। इसी प्रकार श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा, श्री पंच दशनाम आवाहन अखाड़ा और श्री पंचाग्नि अखाड़ा का शिविर से प्रस्थान का समय 05.45 बजे, घाट पर पहुचने का समय 6.45 बजे, घाट से वापस प्रस्थान का समय 7.25 बजे और शिविर में आने का समय 8.30 बजे है। उन्होंने कहा कि बैरागी अखाड़ों के तहत अखिल भारतीय श्री पंच निर्वाणी अनी अखाड़ा सुबह 08.25 बजे शिविर से प्रस्थान कर, घाट पर आगमन का समय 09.25 बजे और 30 मिनट के स्नान के बाद 09.55 बजे घाट से वापसी हेतु प्रस्थान किया। 10.55 बजे तक यह अखाड़ा अपने शिविर में वापस लौट गए। इसी प्रकार, अखिल भारतीय श्री पंच दिगंबर अनी अखाड़ा सुबह 09:05 बजे षिविर से प्रस्थान कर और 10.05 बजे घाट पर पहुँचे और स्नान के बाद 10.55 बजे घाट से वापस शिविर के लिए प्रस्थान किया था। अखिल भारतीय श्री पंच निमोर्ही अनी अखाड़ा सुबह 10.05 बजे शिविर से प्रस्थान कर 11.05 बजे घाट पर आगमन था और स्नान के बाद 11.35 बजे घाट से शिविर हेतु वापसी किया था। उदासीन अखाड़ों के तहत श्री पंचायती नया उदासीन अखाड़ा सुबह 11.00 बजे शिविर से प्रस्थान कर, 12.00 बजे घाट पर पहुंच कर स्नान करने के बाद 12.55 बजे घाट से वापसी तथा 13.55 बजे शिविर में आगमन था। इसके अलावा, श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन निर्वाण 12.05 बजे शिविर से प्रस्थान किया, 13.05 बजे घाट पर आगमन तथा 14.05 बजे घाट से शिविर हेतु वापसी तथा 15.05 बजे शिविर में पहुंचना था। श्री पंचायती निर्मल अखाड़ा का शिविर से प्रस्थान का समय 13.25 बजे, घाट पर आगमन 14.25 बजे तथा स्नान के उपरान्त घाट से वापसी हेतु प्रस्थान का समय 15.05 बजे तथा शिविर में आगमन 15.55 बजे स्नान कर शिविर पहुंचे। प्रत्येक स्नान पर्व पर लगभग 20 कुंतल गुलाब की पंखुड़ियों से बारिश की जा रही थी। पहले स्नान पर्व पौष पूर्णिमा और पहले अमृत स्नान पर्व मकर संक्रांति पर श्रद्धालुओं पर गुलाब की पंखुड़ियां बरसााई गई थीं जबकि मौनी अमावस्या के दूसरे अमृत स्नान पर भी सांकेतिक रूप से पुष्प वर्षा कराई गई। सोमवार को मौनी अमावस्या पर उद्यान विभाग की ओर 20 क्विंटल से अधिक मात्रा गुलाब के फूलों की साधु-संतों और श्रद्धालुओं पर वर्षा किया गया।

आज का इतिहास

नई दिल्ली, 03 फरवरी (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 04 फरवरी की महत्वपूर्ण घटनाएं इस प्रकार हैं:- 1628 :शाहजहां को आगरा में मुगल बादशाह का ताज पहनाया गया। 1797 :इक्वाडोर की राजधानी क्वीटो में विनाशकारी भूकंप में 41 हजार से ज्यादा लोग मारे गए। 1847 :मैरीलैंड में अमेरिका की पहली टेलीग्राफ कंपनी की स्थापना। 1881 :लोकमान्य तिलक के संपादन में दैनिक समाचार पत्र केसरी का पहला अंक आया। 1920 :लंदन से दक्षिण अफ्रीका के बीच पहली विमान सेवा शुरू। 1922 :भारतीय शास्त्रीय संगीत के चितेरे भारत रत्न पंडित भीमसेन जोशी का जन्म। 1938 :कत्थक नृत्य के देश के महान साधक बिरजू महाराज का जन्म। 1948 :सीलोन (अब श्रीलंका) को ब्रिटेन से आजादी मिली। 1973 :भारत के सबसे बड़े मर्चेंट पोत जवाहर लाल नेहरू का उद्घाटन। इसमें 88,000 डीडब्ल्यूटी का सुपर टैंकर था। 1974 :महान भौतिकशास्त्री सुरेन्द्र नाथ बोस का निधन। 1976 :ग्वाटेमाला में भीषण भूकंप से 23,000 लोगों की मौत हो गई और 75,000 से ज्यादा जख्मी हुए। 1990 :केरल का एर्नाकुलम ज़िला देश का पूर्ण साक्षर ज़िला घोषित। यहां साक्षरता की दर शत प्रतिशत दर्ज की गई। 1994 :अमेरिका ने वियतनाम के खिलाफ लगाये गए व्यापारिक प्रतिबंध समाप्त किए। 1997 :इज़राइल की सेना के दो हेलीकॉप्टर उत्तरी इज़राइल में टकराए। देश के इतिहास के इस भीषणतम हवाई हादसे में सेना से जुड़े 73 लोगों की मौत हुई। 1998 :अफगानिस्तान के पूर्वोत्तर इलाके में भूकंप से चार हजार से ज्यादा लोगों की मौत। 2001 :तिब्बत की निर्वासित सरकार ने ऐलान किया कि भारत ने करमापा लामा को शरणार्थी का दर्जा दे दिया है। वह जनवरी 2000 में किशोरावस्था में भारत चले आए थे। 2003 :यूगोस्लाविया ने आधिकारिक तौर पर अपना नाम बदलकर सर्बिया और मोंटेनेग्रो किया। 2004 :फेसबुक लांच। यह बाद में दुनिया का सबसे बड़ा सोशल नेटवर्क बना। 2006 :अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने ईरान के परमाणु हथियार बनाये जाने के मामले को सुरक्षा परिषद में भेजा। 2014 :भारतीय मूल के सत्या नडेला को माइक्रोसॉफ़्ट का नया सीईओ नियुक्त किया गया।

मुजफ्फरनगर मंडी

मुजफ्फरनगर, 03 फरवरी, (बु.)। गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहेः- ढैया 1335, रसकट ढैया 1230-1255, चाकू 1370-1478, लड्डू 1360-1425, खुरपापाड़ 1310-1326, शक्कर मसाला 1420-1432। आमद- 6000 मन।

सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 03 फरवरी, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

सोना-	85300	चांदी-	94550
सिक्का-	10500	गिन्नी-	62825

आपका आज का राशिफल

मंगलवार, 04 फरवरी, 2025

मेष- आज रात्रि 11/17 बजे तक समय अशुभ, आहार विहार में अनियमितता, स्वास्थ्य प्रभावी, हानि भी, शेष समय उन्नतिकारक, व्यापार में विस्तार, नवयोजना।
वृषभ- आज रात्रि 11/17 बजे तक समय अनुकूल, धनागम में वृद्धि, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, शेष समय प्रतिकूल, द्रव्य की क्षति, विरोधियों का वर्चस्व।
मिथुन- परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, मनोवांछित सफलता का सुअवसर, स्वजनों से अपेक्षित सहयोग, व्यक्तित्व का विकास, जीवन साथी से सामंजस्य।
कर्क- ग्रहस्थिति भाग्य के पक्ष में, वांछित सफलता का सुअवसर, मान-सम्मान में वृद्धि, उच्चाधिकारियों से सम्पर्क, दूर या समीप की यात्रा का सुपरिणाम प्राप्त।
सिंह- आज रात्रि 11/17 बजे तक समय निराशाजनक, कार्यों में गतिरोध, एकाग्रता का अभाव, शेष समय में परिस्थितियां सुधार पर, पुरुषार्थ से कार्यसिद्धि, नव उपलब्धि।
कन्या- आज रात्रि 11/17 बजे तक समय बेहतर, किसी योजना का श्रीगणेश, यात्रा का सुपरिणाम, शेष समय आशा के विपरीत, लाभ का मार्ग अवरुद्ध, व्यय की अधिकता।
तुला- भाग्योन्नति का मार्ग प्रशस्त, प्रियजनों से अपेक्षित सहयोग, धार्मिक गतिविधियों में अभिरुचि, अधिकारी वर्ग से अनुकूलता, दूर समीप की यात्रा का प्रसंग, वाहन सुख।
वृश्चिक- किसी योजना की पूर्ति हेतु प्रयत्नशील, आकस्मिक लाभ का सुयोग, बकाए धन की प्राप्ति, मनोविनोद के अवसर प्राप्त, भोग विलासिता की ओर रुझान, मन।
धनु- आज रात्रि 11/17 बजे तक कठिनाइयां प्रभावी, दूसरों के चक्कर में स्वयं का नुकसान, शेष समय बेहतर, प्रगति हेतु विचार-विमर्श, लाभार्जन का सुयोग।
मकर- आज रात्रि 11/17 बजे तक ग्रहयोग भाग्य के पक्ष में, कार्य क्षमता में वृद्धि, वाहन से सुख, शेष समय में निराशा, दैनिक कार्यों के प्रति उदासीनता, यात्रा।
कुम्भ- योजना को कार्यान्वित करने का सुयोग, स्वास्थ्य में सुधार, आकस्मिक लाभ, किसी के माध्यम से महत्वपूर्ण उपलब्धि, मौजमस्ती के निमित्त अधिक व्यय।
मीन- व्यापारिक उन्नति में उपस्थित गतिरोध समाप्त, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, नौकरी में स्थानान्तरण, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, परिणय के क्षेत्र में अनुकूलता।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाउन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail : muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

चूहों की गर्दन काटकर खुद को कल्कि अवतार बताने वाले ट्रेनी आईपीएस पर बैठी जांच

- डीजीपी प्रशांत कुमार ने बरेली एसएसपी को सौंपी जांच

मुरादाबाद, 03 फरवरी (एजेंसी)। चूहों की गर्दन काटने और खुद को कल्कि का अवतार बताने वाले ट्रेनी आईपीएस की मुश्किलें बढ़ने लगी हैं। डीजीपी प्रशांत कुमार ने पूरे मामले की जांच बरेली एसएसपी अनुराग आर्या को सौंपी है। बरेली एसएसपी ने जांच शुरू कर दी है। जल्द ही ट्रेनी आईपीएस को बुलाकर पूछताछ की जाएगी। फिलहाल वह 10 दिन के अवकाश पर अपने परिजनों के साथ घर गए हुए हैं। हरियाणा निवासी ट्रेनी आईपीएस को शासन ने 3 दिसंबर 2024 को मुरादाबाद में एएसपी के पद पर तैनात किया था। वह यहां अकेले ही रहते थे। पुलिस सूत्रों के अनुसार कुछ दिनों से ट्रेनी आईपीएस अजीब-अजीब हरकतें कर रहे थे। कभी वह चीखने लगते तो कभी ज़ोर-ज़ोर से हंसने लगते। कर्मचारी भी उनके पास जाने से डरते थे। उन्होंने कई बार हंगामा और तोड़फोड़ भी की। मामला संज्ञान में आने पर उच्च अधिकारियों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती करा दिया। मनोचिकित्सकों से काउंसिलिंग के बाद भी जब सुधार नहीं हुआ तो परिजनों को बुलाकर ट्रेनी आईपीएस को उनके साथ अवकाश पर भेज दिया। जिले के अधिकारी भले ही स्वास्थ्य खराब होने का हवाला देते रहे लेकिन मामला शासन तक पहुंच गया। डीजीपी ने पूरे मामले की जांच बरेली एसएसपी को सौंप दी है। बरेली एसएसपी ने जांच शुरू भी कर दी है। जल्द ही वह मुरादाबाद आकर ट्रेनी आईपीएस के साथ ही उनके आवास पर रहने वाले कर्मचारियों और अन्य पुलिसकर्मियों से भी पूछताछ करेंगे। इसके बाद जांच रिपोर्ट डीजीपी को भेजेंगे।

सुबह कोहरे का प्रकोप जारी, बारिश के बन रहे अभी आसार

- उत्तर भारत में बारिश व तेज हवाओं की बढ़ी संभावना - मौसम की बारिश गेहूं की फसलों के लिए होगी लाभकारी

दिल्ली NCR समेत उत्तर भारत में बारिश बढ़ाएगी ठंड

मुजफ्फरनगर, 03 फरवरी (बु.)। समूचे उत्तर भारत के साथ वेस्ट यूपी में मौसम के बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। वहीं मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में दिल्ली-एनसीआर के साथ आसपास के क्षेत्रों में तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण बारिश के साथ कोहरे के कहर से इनकार नहीं किया जा सकता है। मौसम में जारी बदलाव के बीच सोमवार की सुबह कोहरे व ठंड के साथ शुरू हुई। घने कोहरे के लिए ऐसे में मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। हालांकि कई दिनों के बाद सोमवार को दिन का तापमान 22.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 9.1 डिग्री सेल्सियस के साथ ही नमी 97 प्रतिशत दर्ज की गई। उत्तर प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से अगले दो दिन यानि 05 फरवरी तक बादलों की आवाजाही के साथ कई इलाकों में बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने दिल्ली-एनसीआर के साथ मेरठ व सहारनपुर मंडल के साथ ही लखनऊ, प्रयागराज, कानपुर, आगरा समेत कई जिलों में घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। पहाड़ों पर जारी बर्फबारी के बीच सर्द हवाओं के थपेड़ों के बीच उत्तर भारत में मौसम फिर से बदलाव की दिशा में सक्रिय हो रहा है। मौसम में बदलाव के बीच में इस बार फरवरी माह का पहला सप्ताह मौसम के उतार-चढ़ाव के साथ बीतेगा। मौसम विभाग ने जारी अलर्ट में हिमालयी विक्षोभ के प्रभाव से जम्मू-कश्मीर, हिमाचल के साथ उत्तराखंड में बर्फबारी और बारिश की संभावना जताई है। इन राज्यों में न्यूनतम तापमान माइनस डिग्री सेल्सियस से नीचे बना हुआ है, जिससे कोल्ड डे की स्थिति बनी हुई है। बाकी ऊंचाई वाले तमाम इलाकों में तेज ठंड का असर दिख रहा है, जिसका प्रभाव मैदानी राज्यों तक पहुंच चला है। ऐसे में मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ की वजह से उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, मध्य प्रदेश, दिल्ली-एनसीआर और हरियाणा-पंजाब में अगले दो दिनों यानि 4 से 5 फरवरी में बादलों की आवाजाही बनी रहने के साथ इन राज्यों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना व्यक्त की है वहीं कहीं-कहीं तेज हवाओं के साथ इस बीच बिजली चमकने के आसार भी हैं। स्काईमेट के पूर्वानुमान के मुताबिक घने कोहरे की वजह से फ्लाइट और रेल यातायात तो प्रभावित हो सकता है उसके साथ हाईवे से संपर्क मार्गों तक तमाम वाहनों की गति को सुबह व शाम ब्रेक लगते देखे जा सकते हैं। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार अगले कुछ दिनों तक देश के कई हिस्सों में मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। बारिश और ठंडी हवाओं से तापमान में उतार-चढ़ाव होगा, जिससे लोगों को और अधिक सतर्क रहने की जरूरत बताई है। वैज्ञानिकों के अनुसार किसानों के लिए अगले दो दिनों में होने वाली ये बारिश फायदेमंद हो सकती है क्योंकि गेहूं व अन्य फसलों को प्राकृतिक सिंचाई का फायदा मिलेगा।

ग्रेन चैंबर पब्लिक स्कूल जूनियर विंग में बसंतोत्सव की धूम

मुजफ्फरनगर, 03 फरवरी (बु.)। ग्रेन चैंबर पब्लिक स्कूल जूनियर विंग में बसंतोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. एम. के. गुप्ता, प्रधानाचार्य आजादवीर, कोर्डिनेटर आशीष त्यागी, हेड मिस्ट्रेस जूनियर विंग ममता चौहान एवं काउंसलर कंचन सोनी के द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर विधिवत पूजा विधान से किया गया। छात्राओं ने बहुत सुंदर रूप से सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। विभिन्न प्रतियोगिताओं व रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत देशभक्ति से ओतप्रोत नृत्य, अत्यंत ओजपूर्ण एवं मनमोहक प्रस्तुति प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। अंत में विद्यालय की हेड मिस्ट्रेस ममता चौहान ने बसंत उत्सव की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वसंत पंचमी जीवन में नई चीजें शुरू करने का एक शुभ दिन है। इस मौसम में पेड़ों पर नव कोपलें आनी शुरू हो जाती हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इसी दिन माता सरस्वती प्रकट हुई थीं, इसलिए इस दिन सरस्वती माता की विशेष पूजा का आयोजन किया जाता है। माँ सरस्वती को विद्या एवं बुद्धि की देवी माना जाता है। बसंत पंचमी के इस खास पर्व पर आपके घर में सुख-समृद्धि की बरसात हो बसंत पंचमी आपके जीवन में खुशियाँ और उत्साह का संगम लाए, कहकर समस्त स्टाफ व बच्चों को हार्दिक शुभकामनाएँ दी। मंच संचालन रश्मि पालीवाल व रुचि ने किया।

एसडी पब्लिक स्कूल में उल्लास के साथ मनाया गया बसंत पंचमी उत्सव

मुजफ्फरनगर, 3 फरवरी (बु.)। एसडी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में बसंत पंचमी महोत्सव व सक्षम-ए प्राइज्ड मार्निंग (बेशकीमती सुबह) खेलकूद प्रदर्शन का आयोजन किया गया। विद्यालय परिवार में बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ इस पर्व को मनाया गया।कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय डायरेक्टर चंचल सक्सेना द्वारा प्रधानाचार्य शिव कुमार शर्मा, जू. इंचार्ज डा. रचना जैन, शिक्षकगण व अभिभावकों के साथ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ किया गया। विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, भजन, नृत्य और कविता पाठ के माध्यम से बसन्त पंचमी के महत्व को प्रस्तुत किया। एक विशेष पतंगबाजी कार्यक्रम भी किया गया, जिसमें बच्चों और उनके अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और रंग-बिरंगी पतंगों से आकाश को सजा दिया। सक्षम खेल महोत्सव में कक्षा ग्यारहवीं के सभी छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं-एथलेटिक्स, वॉलीबाल, क्रिकेट, बॉस्केटबाल, शतरंज, बेडमिंटन, टेबिल टेनिस, कबड्डी, खो-खो में भाग लेकर अपनी खेल क्षमताओं का बेहतरीन प्रदर्शन कर हर्षोल्लास और उत्साह के साथ एक नए मुकाम को छू लिया। इसमें प्रमुख आकर्षण केन्द्र एथलेटिक्स-सौ मीटर दौड़, दो सौ मीटर दौड़ में छात्र-छात्राओं ने अपूर्व उत्साह, धैर्य व जोश दिखाते हुए अपने बेहतर प्रशिक्षण और मेहनत का प्रदर्शन करते हुए सभी दर्शकों को रोमांचित कर दिया। क्रिकेट, वॉलीबाल, बॉस्केटबाल जैसे खेलों में भी सभी छात्र-छात्राओं ने प्रतिभागी होकर अपने खेल कौशल, टीमवर्क व संघर्ष क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया जो जीवन के अन्य पहलुओं पर भी सकारात्मक प्रभाव डालता है। इसके अतिरिक्त छात्रों ने विभिन्न खेलों-शतरंज, खो-खो, कबड्डी व टेबिल टेनिस में भाग लेकर यह जता दिया कि इस प्रकार के खेलों से शारीरिक फिटनेस, मनोवैज्ञानिक विकास, सामूहिक सहयोग को बढ़ावा देने का कार्य करता है, साथ ही आत्मविश्वास और सामाजिक कौशल को भी सशक्त करता है। खेल मैदान में उपस्थित सभी अभिभावकों ने छात्रों की सफलताओं और खेल प्रदर्शन को देखकर मुक्त कंठ से सराहना की। उन सभी छात्रों को विद्यालय डायरेक्टर चंचल सक्सेना ने मेडल देकर सम्मानित किया, जिन्होंने विभिन्न इंटर हाउस प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी सृजनात्मकता व कौशलता का परिचय देते हुए उच्च स्थान प्राप्त किया। उन्होंने सभी छात्रों की लगन और अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि हमारे सभी छात्रों ने खेल प्रदर्शन में जो उत्कृष्टता प्रदर्शित की है वह उनके कठिन परिश्रम और समर्पण का परिणाम है। इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ छात्रों में नेतृत्व, अनुशासन और आत्मविश्वास विकसित करने में सहायक होती हैं। कार्यक्रम संचालन में एक्टिविटी इंचार्ज व सभी शिक्षकों का पूर्ण सहयोग रहा।

भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में ज्ञानस्थली के बच्चों ने परचम लहराया

मीरापुर, 3 फरवरी (बु.)। मीरापुर के ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल के बच्चों ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रतियोगिता में कक्षा पांच के रुद्रा, कक्षा छः की आराध्या चौधरी, कक्षा नौ की वाणी व कक्षा 10 की ऋषिका ने तहसील स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रधानाचार्य दीपक धीमान ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं में डर को त्यागकर प्रतिभाग करने को कहा है। बीते 19 अक्टूबर को गायत्री तीर्थ, शांति कुंज हरिद्वार द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में विद्यालय के कुल 250 बच्चों ने प्रतिभाग किया था। सोमवार को आयोजक संस्था द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। प्रतियोगिता में विशिष्ट स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रधानाचार्य दीपक धीमान ने आयोजक संस्था द्वारा प्रदत्त स्वर्ण पदक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बच्चों को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य दीपक धीमान ने कहा कि बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रतिभाग करने की ललक होनी चाहिए और अपने अंदर छिपे असफलता के डर को त्यागकर परीक्षा में सम्मिलित होना चाहिए। इस दौरान शिक्षक विकास कुमार, मीनाक्षी अरोरा, बचन कौर, सोनिया धीमान, मुकेश कुमार, हैप्पी चौहान, राजकुमार, रंजीता राजपूत, अर्चना शर्मा, सचिन धीमान, एकता गुप्ता का विशिष्ट योगदान रहा।

पीआर पब्लिक में सीबीएसई की नई शिक्षा नीति पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित

मुजफ्फरनगर, 03 फरवरी (बु.)। पचेंडा रोड स्थित पीआर पब्लिक स्कूल में सीबीएसई बोर्ड के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के द्वारा नई शिक्षा नीति-2020 पर एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 41 शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परम प्रीत सिंह ग्रेवाल प्रधानाचार्य जीआरडी पब्लिक स्कूल देहरादून व अनीता सिवाच प्रधानाचार्या रॉक गोल्ड एकेडमी शामली रहे। पीआर पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल प्रबंधन समिति सदस्यों तथा मौजूद अतिथि द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करते हुए तथा कक्षा 8वीं की छात्राओं शिवांगी रमन और सृष्टि पाल द्वारा सरस्वती वंदना कर किया गया। कक्षा 7वीं की छात्राओं नव्या सिंघल व अवनी गर्ग के मनभावन श्याम भजन प्रस्तुत कर किए गए। परमप्रीत ग्रेवाल व अनीता सिवाच ने नई शिक्षा नीति-2020 के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला और शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण विधियों, मूल्यांकन प्रक्रियाओं तथा समग्र विकास पर आधारित शिक्षा प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण में शिक्षकों को नई शिक्षा नीति के तहत समग्र शिक्षा, कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा और मूल्यांकन में सुधार के महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराया गया। प्रतिभागियों ने इस सत्र को ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक बताया। पीआर पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या मानसी सिंघल व स्कूल प्रबंधक अशोक सिंघल और निदेशक अनघ सिंघल ने इस कार्यक्रम के लिए सीबीएसई और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों से शिक्षकों को नई शिक्षा प्रणाली के अनुरूप खुद को तैयार करने में सहायता मिलेगी, जिससे छात्रों को अधिक प्रभावी शिक्षा मिल सकेगी। कार्यक्रम सफल बनाने में दिव्या शर्मा, अजय कुमार, दीपक मलिक, शंकर शर्मा, शिवम वर्मा, शिखा ठाकुर, अनुपम सैनी आदि का विशेष योगदान रहा।

बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए आयोजित किया गया आशीर्वाद समारोह

मीरापुर, 3 फरवरी (बु.)। कस्बे के बसंत शिक्षा सदन इंटर कॉलेज में बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अध्यापकों ने बच्चों को भविष्य के लिए टिप्स दिए। सोमवार को कक्षा 9 व 11 के छात्र-छात्राओं द्वारा कक्षा 10 व 12 के छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित किए गए आशीर्वाद व शुभकामना समारोह का शुभारंभ विद्यालय निदेशिका अंजू नागर, प्रबंधक डॉ. मयूर नागर व प्रधानाचार्य शिवकुमार ने माँ सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने गीत, कविता, नाटिका के माध्यम से विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को भाव विभोर कर दिया। छात्रों ने अपने जीवन के खट्टे-मीठे अनुभवों को मच पर सांझा करते हुए विद्यालय प्रबंधन की सराहना की। प्रबंधक डॉ. मयूर नागर ने कहा कि सभी छात्र-छात्राएं बोर्ड परीक्षा में टाइम टेबल बनाकर पढ़ाई करें और यदि किन्ही प्रश्नों के उत्तरों को समझने में कोई दिक्कत हो, तो वह विद्यालय में पहुँचकर समस्या का समाधान करा सकते हैं। विद्यालय निदेशिका अंजू नागर ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आपकी आज की मेहनत आने वाले दिनों का सुकून है। आपने विद्यालय में जो शिक्षा ग्रहण की है, अब उस शिक्षा से अपने जीवन को कामयाबी के उच्च शिखर पर लेकर जाना है और माता-पिता व गुरूजनों के मान-सम्मान को बढ़ाना है। उन्होंने परिषदीय परीक्षा में प्रदेश की मैरिट में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को 51 हजार रुपये व एक गोल्ड मैडल का पुरस्कार देने की घोषणा की। इस अवसर पर समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

संभल हिंसा प्रकरण में आगजनी और पत्थरबाजी करने वाला आमिर गिरफ्तार

संभल, 03 फरवरी (एजेंसी)। नखासा थाना पुलिस ने कादरी मस्जिद के पास हिंदूपुरा खेड़ा निवासी मोहम्मद आमिर उर्फ छोटू को पक्का बाग चौराहे के पास हसनपुर रोड से गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से जेल भेज दिया। आरोपी ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि वह उपद्रव में शामिल था। पत्थरबाजी, लूटपाट और आगजनी की घटना की थी। घटना के बाद से भाग गया था। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि 24 नवंबर 2024 को जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हुए बवाल में शामिल था। आरोपी ने बताया कि बवाल की जानकारी होने पर अंजुमन चौराहे पर पहुंचा था। यहां दीपा सराय निवासी शहबाज उर्फ टिल्लन, सुबहान उर्फ मुन्ना समेत तमाम लोग मौजूद थे। सुभान उर्फ मुन्ना और शहबाज उर्फ टिल्लन ने सभी से कहा कि हमारे धर्म का मामला है। हम सबको एकत्र होकर मुकाबला करना है। यहीं से एकत्र होकर हिंदूपुरा खेड़ा और नखासा तिराहे पर पहुंचे थे और वहां जान से मारने की नीयत से पुलिस वालों पर फायर व पत्थरबाजी की थी। मालूम हो शाजेब उर्फ शहबाज उर्फ टिल्लन ने एसपी पर गोली चलाई थी। आरोपी को पहले ही जेल भेजा जा चुका है। सुबहान उर्फ मुन्ना भी जेल में है। एसपी ने बताया कि आरोपियों की धरपकड़ लगातार जारी है, जो भी उपद्रव में शामिल थे सभी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। 24 नवंबर 2024 से रविवार तक पुलिस ने 74 उपद्रवी जेल भेजे हैं। इसमें चार महिलाएं भी शामिल हैं। इसके अलावा 66 उपद्रवियों की तलाश में पुलिस की टीमें लगी हैं। यह 66 उपद्रवी वह हैं, जिनकी पहचान पूरी तरह पुलिस के पास है। इसमें 44 उपद्रवी कोतवाली क्षेत्र के हैं और 22 उपद्रवी नखासा थाना क्षेत्र के हैं।

शराब को लेकर रिश्तेदार ने की होमगार्ड की पीट-पीटकर हत्या

सहारनपुर, 03 फरवरी (एजेंसी)। चिलकाना में शराब पीने के बाद दो रिश्तेदारों में आपस में मारपीट हो गई, जिसमें एक होमगार्ड की मौत हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। रविवार को थाना क्षेत्र के गांव चलाकपुर में एक शादी समारोह का आयोजन हुआ था। गांव दैदनौर थाना नकुड़ निवासी होमगार्ड संदीप (35) पुत्र ऋषिपाल अपनी पत्नी पायल के साथ शादी समारोह के बाद निकटवर्ती गांव मंडोरा निवासी रिश्तेदार रितिक के घर आ गया था। संदीप रितिक का फूफा लगता है। कुछ देर बाद रितिक का मामा थाना नानौता के गांव जंधेडी निवासी संजय भी वहां पर आ गया। संदीप तथा संजय आपस में रिश्तेदार भी हैं। दोनों ने गांव मंडोरा पहुंचकर शराब पी। इसके बाद दोनों में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। थोड़ी देर में दोनों में लातों घूंसे चलने लगे। मारपीट में संदीप बेहोश होकर सड़क पर गिर गया। सिर सड़क पर लगने से वह से घायल हो गया। रीतिक के परिजन घायल संदीप को डाक्टर के पास ले गए। गंभीर हालत देखते हुए उसे मैडीग्राम अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां रविवार देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। रितिक एवं मृतक के पिता ऋषिपाल ने थाने पर हत्या की तहरीर दी है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आरोपी की तलाश की जा रही है। संदीप होमगार्ड की नौकरी करता था। संदीप के दो बच्चे हैं। बड़े बच्चे की उम्र 11 और छोटे की उम्र नौ वर्ष है। परिवार की देखभाल संदीप ही करता था। आरोपी संजय यमुनानगर में किसी फैक्ट्री में नौकरी करता है।

पैसों के विवाद में सहारनपुर के युवक की केरल में हत्या

सहारनपुर, 03 फरवरी (एजेंसी)। नकुड़ की ग्राम पंचायत भैरमऊ के मजरे गांव समसपुर निवासी मुकीम (29) पुत्र खुर्शीद पिछले करीब दस वर्ष से केरल के वायनाड जनपद में वेल्लामुंडा थाना क्षेत्र में रहकर पेंट व पॉलिश का काम करता था। वहीं पर मुकीम की मुलाकात सहारनपुर के युवक मोहम्मद आरिफ से हुई। आरिफ भी पेंट पॉलिश का ही काम करता था। एक साथ काम करते-करते दोनों के बीच दोस्ती हो गई। वेल्लामुंडा थाना प्रभारी अशरफ एस के मुताबिक आरिफ और मुकीम अच्छे दोस्त थे। मृतक के भाई मोहसिन ने बताया कि दोनों के बीच रुपयों के लेन-देन को लेकर विवाद हो गया। शुक्रवार को आरिफ ने प्लान के तहत मुकीम को अपने घर बुलाया और अपनी पत्नी सैनाबा के साथ मिलकर मुकीम की गला घोंटकर हत्या कर दी।

भाकिम संयुक्त मोर्चा ने दिया कलेक्ट्रेट परिसर में धरना

मुजफ्फरनगर, 03 फरवरी (बु.)। भारतीय किसान मजदूर संयुक्त मोर्चा के तत्वावधान में सोमवार को दर्जनों किसान और मजदूरों ने अपनी मांगों को लेकर डीएम कार्यालय पर धरना देते हुए प्रदर्शन किया। धरना देते हुए संयुक्त मोर्चा पदाधिकारियों ने इस दौरान अधिकारियों के समक्ष अपनी विभिन्न मांगें रखी। सोमवार को भारतीय मजदूर किसान यूनियन के पदाधिकारी संगठन के अध्यक्ष के नेतृत्व में डीएम कार्यालय पहुंचे। कलेक्ट्रेट में धरना देते हुए संयुक्त मोर्चा ने डीएम को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। उक्त सौंपे दिए गए ज्ञापन में किसान संगठन से लम्बे समय से देश के किसान एमएसपी कानून बनाने, किसानों का कर्ज माफ कराने, बिजली के स्मार्ट मीटर लगने से बिजली बिल में अत्यधिक बढ़ोतरी होने, कृषि में उपयोग होने वाले बीज, खाद, उर्वरक व फसल में उपयोगी अन्य वस्तुओं पर 50 प्रतिशत तक की सब्सिडी प्रदान की जाने आदि मांगों को पूर्ण किए जाने की मांग की। इस दौरान दर्जनों किसानों के साथ भाकिम संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारी कलेक्ट्रेट में मौजूद रहे।

बीएसएफ के 9 युवा कमांडरों ने छोड़ दी नौकरी, गृह मंत्रालय ने दी वीआरएस को मंजूरी

नई दिल्ली, 03 फरवरी (एजेंसी)। सीमा सुरक्षा बल 'बीएसएफ' के नौ कैडर अधिकारियों ने एक झटके में नौकरी छोड़ दी है। स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति 'वीआरएस' लेने वाले अफसरों में एक कमांडेंट, दो टूआईसी, एक डीसी और पांच सहायक कमांडेंट शामिल हैं। एक साथ नौ अफसरों का फोर्स को अलविदा कहना, न केवल बीएसएफ, अपितु दूसरे केंद्रीय बलों के अफसरों के बीच भी चर्चा का विषय बना हुआ है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पिछले सप्ताह उक्त नौ अफसरों की वीआरएस स्वीकार कर ली है। बीएसएफ के पूर्व अफसर कहते हैं, इसके पीछे कोई तो वजह रही है। ऐसे तो कोई अपनी जॉब को यूं बीच राह में नहीं छोड़ता। पदोन्नति में स्थिरता, वित्तीय स्थिति और बेहतर करियर का विकल्प, वीआरएस के पीछे कुछ ऐसे ही कारण रहे होंगे। गत सप्ताह बीएसएफ के सहायक कमांडेंट पंकज कुमार राणा, सहायक कमांडेंट कमलेश मीणा, सहायक कमांडेंट परमा नंद, सैकेंड इन कमांड 'टूआईसी' विपिन कुमार, डिप्टी कमांडेंट भूपेश जोशी, कमांडेंट/सीएमओ डॉ. प्रवीण कुमार झा, सहायक कमांडेंट शिव मोहन सिंह, सहायक कमांडेंट अजय पाल सिंह और टूआईसी अभिमन्यु कुमार सिंह की वीआरएस फाइल को मंजूरी मिली है। बीएसएफ के पूर्व एडीजी एसके सूद बताते हैं, देखिये इस तरह से वीआरएस लेने के पीछे कई कारण हो सकते हैं। बीएसएफ में, खासतौर से जूनियर स्तर पर कैडर अधिकारियों में पदोन्नति को लेकर परेशानी देखी जा रही है। अगर समय पर पदोन्नति मिलती रहे तो कोई भी अफसर नौकरी छोड़ने की नहीं सोचता। किन्हीं कारणों से आर्थिक फायदों में पिछड़ना, यह भी एक वजह हो सकती है। जैसे 2019 में कैडर अधिकारी अपने करियर से जुड़ी लड़ाई, सुप्रीम कोर्ट से जीत गए, लेकिन फिर भी नए सर्विस रूल नहीं बन सके। सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के बावजूद, केंद्र सरकार टालमटोल की नीति पर चलती रही। सूद के मुताबिक, केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के हजारों अफसर प्रमोशन एवं वित्तीय फायदों में हुए भेदभाव को लेकर परेशान हैं। जूनियर अफसरों को तो 15 वर्ष में पहली पदोन्नति भी नहीं मिल पा रही। सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप से एनएफएफयू मिला, मगर उसका लाभ सभी को नहीं मिल सका। विशेषकर, कमांडेंट स्तर तक के अफसरों के हाथ तो लगभग खाली ही रहे। दूसरा, बीएसएफ में कई जगहों पर हार्ड पोस्टिंग रहती है। बॉर्डर गार्डिंग के अलावा दूसरी ड्यूटी भी बीएसएफ से ली जाती हैं। ऐसे में मूल कार्य प्रभावित होता है।

अयोध्या को विश्व स्तरीय पर्यटन नगरी बनायेंगे: अखिलेश

अयोध्या, 03 फरवरी (वार्ता)। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को कहा कि उत्तर प्रदेश की सत्ता में उनकी पार्टी की सरकार बनने पर राम की नगरी अयोध्या को विश्व स्तरीय पर्यटन नगरी बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जायेगी। मिल्कीपुर उप विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार के अंतिम दिन सोमवार को पार्टी प्रत्याशी अजीत प्रसाद के समर्थन में एक चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए उन्होने कहा ह्व हम वादा करते हैं कि 2027 में हमारी सरकार आयी तो अयोध्या को वर्ल्ड क्लास सिटी बनायेंगे। उन्होंने कहा कि अयोध्या लोकसभा की सीट गंवाने के बाद भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) की रातों की नींद उड़ गयी है। साम्प्रदायिकता की राजनीति खत्म करने का काम अयोध्यावासियों ने किया है जिसके लिये वे बधाई के पात्र हैं। अयोध्या का सम्मान यहां की जनता ने बढ़ाया है। मिल्कीपुर की जनता सपा के साथ है और यह चुनाव हम अवश्य जीतकर रहेंगे। अभी हाल में हुए बेटी के साथ जो कुछ हुआ है वह बहुत गलत है और समाजवादियों ने हमेशा आवाज उठाया है। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मौजूदा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर कटाक्ष करते हुए कहा ह्व वस्त्र पहन लेने से कोई योगी नहीं होता, बल्कि सत्य के रास्ते पर चलने पर योगी कहलाता है। कुम्भ के मेले में जो घटना घटी है उसको छिपाया जा रहा है। मृतकों और घायलों के आंकड़े नहीं बताये जा रहे हैं। सरकार कह रही थी कि प्रयाग के महाकुंभ मेले में बड़े अच्छे इंतजाम हैं, तो इस तरह की घटना कैसे हो गयी।ह्व उन्होंने कहा कि भाजपा ने अयोध्या में विकास के नाम पर जमीनें छीनीं और लोगों को मुआवजा नहीं दिया। यह पूरा देश जानता है। मुख्यमंत्री अयोध्या में खरीदी गयी जमीनों की सूची जारी कर दें तो पता चल जायेगा कि सबसे बड़ा भू माफिया कौन है। सबसे बड़े भू माफिया भाजपा के ही लोग हैं। अयोध्या में फाइव स्टार होटल बनाने के लिये जमीन ली गयी लेकिन गरीबों को उचित मुआवजा नहीं दिया गया। श्री यादव ने कहा कि यह तो भाजपा के लोग भी जानते हैं कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ किसी के नहीं हैं। उन्होंने यहां तक कह दिया कि वह भाजपा वालों के भी नहीं हैं। वह सिर्फ परिस्थितियों के अनुसार काम कर रहे हैं। उन्होने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार उपचुनाव में जीत हासिल करने के लिये लोगों को डराने धमकाने का काम कर रही है। इसके लिये अफसरों की तैनाती की जा चुकी है। इन अफसरों में पीडीए के लोग नहीं हैं। इसका जवाब जनता देगी। प्रयागराज महाकुंभ में मची भगदड़ को लेकर योगी सरकार पर निशान साधते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी गूगल पर सर्च करना नहीं जानते हैं। अगर जानते हों तो गूगल पर महाकुंभ टाइप करें, पता चल जायेगा कि कितनी जगह भगदड़ मची है। उन्होंने कहा कि भाजपा मिल्कीपुर विधानसभा चुनाव में बेईमानी पर उतारू है। कोटेदारों व प्रशासन पर सरकार दबाव बना रही है। इसके बावजूद भी जनता सपा को जिताने के लिये तैयार है। भाजपा लोकतंत्र व संविधान दोनों का तिरस्कार कर रही है। सपा नेताओं और कार्यकताओं पर झूठे और फर्जी मुकदमे लगवाकर परेशान कर रही है। यह भाजपा सरकार का रवैया तानाशाहीपूर्ण है। भ्रष्टाचार व लूट चरम पर है। अपराधिक घटनायें लगातार बढ़ती जा रही हैं। भाजपा राज में बहन-बेटियां सुरक्षित नहीं हैं।

शातिर चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर, 03 फरवरी (बु.)। नई मंडी कोतवाली पुलिस ने मकान में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में उसने दो चोरी की वारदातों का खुलासा किया है। पुलिस ने दोनों चोरी का सामान बरामद किया है। पुलिस ने पूछताछ के बाद उसका चालान कर दिया है। मौहल्ला सुभाषनगर में 27 जनवरी को निशा पत्नी प्रवीन के मकान में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर खुलासे के लिए टीम गठित की थी। नईमंडी कोतवाली प्रभारी दिनेश चंद बघेल ने बताया कि सोमवार को पचेंडा रोड पर शक के आधार पर एक स्कूटी सवार को रोककर पूछताछ की गयी। पकड़े गए आरोपी प्रदीप कोहली निवासी मल्हूपुरा से पुलिस ने चोरी का सामान बरामद कर लिया है। चोरी का सामान आरोपी शामली बेचने के लिए जा रहा था। पूछताछ में आरोपी सुभाषनगर में चोरी की घटना के साथ 12 दिन पूर्व शहर के मौहल्ला लद्धावाला में एक मकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी से 3 हजार की नगदी व जेवरात बरामद किए है। आरोपी के खिलाफ शहर कोतवाली, सिविल लाइन व नई मंडी में दस अपराधिक मामले दर्ज हैं।

वसंत पंचमी पर सोने के मुकुट से सजे रामलला, धारण की पीतांबरी

अयोध्या, 03 फरवरी (एजेंसी)। श्रीरामचंद्र कृपालु भजु मन हरण भव भय दारुणम। नवकंजलोचन, कंज मुख कर कंज पद कंजारुणम। कंदर्प अगणित अमित छबि, नवनील नीरद सुंदरम। पटपीत मानहु तड़ित रुचि-शुचि नौमि जनक सुतावरम। सिर मुकुट कुंडल तिलक चारु उदार अंग विभूषणम...। वसंत पंचमी पर रामलला की इस स्तुति के साथ रामलला की दिव्य छवि का दर्शन कर श्रद्धालु मुग्ध होते रहे। पीतांबरी धारण कर सोने के मुकुट से सजे रामलला भक्तों को मोहित कर रहे थे। देर शाम तक दो लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन-पूजन कर चुके थे।वसंत पंचमी पर सोमवार को रामलला ने पीतांबरी धारण किया। हालांकि दिन के क्रम में उन्हें सफेद वस्त्र धारण करना चाहिए था लेकिन वसंत के कारण तीर्थ क्षेत्र की ओर से तैयार कराया गया विशेष पीत वस्त्र उन्हें धारण कराया गया। वसंत के साथ ही रामनगरी में रंगोत्सव का भी आगाज हो गया है इसलिए रामलला को अबीर-गुलाल भी अर्पित किया गया। प्रसाद स्वरूप राममंदिर के अर्चकों ने भी एक-दूसरे को गुलाल लगाया। पुजारी अशोक उपाध्याय ने बताया कि चूंकि वसंत पंचमी का परिधान पीला रंग है, इसलिए रामलला को सोने-चांदी के तारों से जड़ित पीले वस्त्र पहनाए गए। पूड़ी, सब्जी, खीर, हलवा, पकौड़ी, फल व मिष्ठान का विशेष भोग भी अर्पित किया गया। बताया कि वसंत पंचमी के दिन से ही रामलला को अबीर-गुलाल अर्पित करने का क्रम प्रारंभ कर दिया गया है। अब होली तक रामलला की नित्य सेवा के क्रम में उन्हें अबीर-गुलाल भी अर्पित किया जाएगा। दिल्ली से आए अनिल बजाज व रीता बजाज भी रामलला के दर्शन कर मोहित थे। बोले कि दिव्य छवि के दर्शन एक घंटे से अधिक समय तक हुए। दर्शन के लिए पंक्ति में लगने के बाद से ही एलईडी में उनकी छवि दिख रही थी, उसको निहारते-निहारते कम गर्भगृह के पास पहुंच गए, पता ही नहीं चला। राम मंदिर सनातन के कीर्तिस्तंभ से कम नहीं।

1973-2025

सम्पादक की कलम से

मिल्कीपुर उपचुनाव और राजधानी

कल मिल्कीपुर उपचुनाव और राजधानी दिल्ली के विधानसभा चुनाव का प्रचार खत्म हो गया। पांच फरवरी को वोट डाले जाएंगे और आठ फरवरी को परिणाम आ जाएंगे। मिल्कीपुर और दिल्ली में चुनाव प्रचार के दौरान राजनीतिक कटाक्ष भरी बयानबाजी और तरह-तरह के क्रियाकलाप सामने आए। मिल्कीपुर में सपा और भाजपा में टक्कर है और दिल्ली में आप और भाजपा आमने-सामने हैं। दिल्ली में कांग्रेस भी कोशिश कर रही है। राहुल गांधी लोकसभा में दिए अपने भाषण से सुर्खियों में हैं। फैजाबाद के सांसद अवधेश कुमार अपने रोने वाले वीडियो के कारण राहुल से भी अधिक वायरल हो रहे हैं। रामगोपाल यादव, जया बच्चन भी अपने बयानों के जरिए सुर्खियों में हैं। कल लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा का आरम्भ विपक्ष के नेता राहुल गांधी से हुआ। राहुल ने अंग्रेजी में बड़े आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रखी। राहुल गांधी ने संसद में राष्ट्रपति के भाषण को बोरिंग कहा था, अब कई सांसदों ने उनके भाषण को बोरिंग और तथ्यों से परे कहा है। राहुल के भाषण के समय प्रधानमन्त्री भी सदन में थे और उन्हें सुन रहे थे। आज प्रधानमन्त्री का सम्बोधन होगा। राहुल गांधी के कुछ वाक्यों का खूब चर्चा हो रहा है। राहुल ने कहा कि बेरोजगारी समस्या का समाधान न तो कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार कर पाई, और न ही नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए की सरकार। हम डिफेंस के बारे में बात करते हैं, चीन घुसपैठ करके बैठा है, लेकिन पीएम इससे इनकार करते हैं, जबकि सेना यही मानती है। पीएम चीनी घुसपैठ से इनकार कर सकते हैं, जबकि सेना प्रमुख कहते हैं उनकी सेना हमारे क्षेत्र में है। चीन के पास ऐसा सिस्टम है, जो बहुत बड़ा है, उसके दम पर चीनी सेना हमारी सरहद के अंदर घुसी है। राहुल ने अपना पक्ष साबित करते हुए कहा, इसलिए मैं कहता हूं कि मेक इन इंडिया पूरी तरह से फेल है, क्योंकि हम अपनी रक्षा नहीं कर पा रहे हैं। हम चाइनीज से सामना नहीं कर पा रहे। क्योंकि चाइनीज मोटर, चाइनीज बैटरी और चाइनीज ऑप्टिक का कब्जा है, हम उसे खरीद रहे हैं। हम रक्षा के बारे में बात करते हैं। आज हमारे सामने चीन है। प्रधानमन्त्री इससे इनकार करते हैं और आर्मी उनसे सहमत नहीं है। मुद्दा था कि हमारी सीमा में चीन घर बना रहा है। पता नहीं क्या वजह है कि हमारे आर्मी चीफ उनसे बातचीत कर रहे हैं और हमारे चीफ ऑफ डिफेंस कह रहे हैं कि चीन ने घुसपैठ कर ली है। लोग सोचते हैं कि युद्ध सेना और हथियारों से होती है। सच यह है कि चीन के पास ज्यादा बड़ा इंडस्ट्रियल सेटअप है। मेक इन इंडिया फेल हो रहा, इंडिया ने प्रोडक्शन करना छोड़ दिया, यही वजह है कि चीन घुसपैठ कर रहा है। लेकिन प्रधानमन्त्री ने इस बात से इनकार किया है और सेना ने प्रधानमन्त्री के इस दावे का खंडन किया है कि चीन हमारे 4000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र पर कब्जा करके बैठा है। राहुल गांधी के इस दावे पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा, आप जो बोल रहे हैं, उसका सबूत आपको सदन में पेश करना होगा। राहुल ने स्पीकर की बात पर ध्यान नहीं दिया और कहा कि हम एक देश के रूप में उत्पादन को व्यवस्थित करने में विफल रहे और इसे चीनियों को सौंप दिया। हम चाइनीज फोन चलाते हैं, बांग्लादेशी शर्ट पहनते हैं, इसका सारा पैसा चीन में जाता है। इसलिए मुझे राष्ट्रपति के भाषण में यह नया कि भारत को कंज्प्शन पर फोकस करना चाहिए। भारत को पूरी तरह उत्पादन पर ध्यान केंद्रित करना होगा, भारत में सामाजिक तनाव बढ़ रहा है। राहुल गांधी ने प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोला। उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शपथ का जिक्र किया और कहा कि पीएम मोदी को शपथ का निमंत्रण मिला, इसलिए विदेश मंत्री जयशंकर को अमेरिका भेजा था। राहुल गांधी की इस बात सत्ता पक्ष भड़क गया। केंद्रीय मंत्री किरन रिजिजू ने राहुल गांधी के बयान पर कड़ी आपत्ति जाहिर की। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की ऐसी बयानबाजी नहीं चलेगी। इसके बाद लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा, आप जो बोल रहे हैं, उसके तथ्यों को सदन के पटल पर रखना होगा। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, आप सदन में मनचाही बात नहीं बोल सकते। ये ठीक नहीं है और ये गंभीर विषय है। अयोध्या में दलित युवती की नृशंस हत्या का मामला अब तूल पकड़ रहा है। मिल्कीपुर सीट पर होने वाले उपचुनाव के बीच इस मुद्दे पर अब सियासी पारा हाई हो गया है। दलित युवती की हत्या पर प्रेसवार्ता करते हुए समाजवादी पार्टी सांसद अवधेश प्रसाद फफक-फफककर रोने लगे थे। इस मामले पर सीएम योगी ने कहा, देख लेना बेटी की हत्या में सपा ही का दरिंदा शामिल होगा। घटना पर सांसद नौटंकी कर रहे हैं, ये लोग सुधरेंगे नहीं, क्योंकि कुत्ते की पूंछ कभी सीधी नहीं हो सकती, सपा को गाजी-पाजी प्यारे हैं। इनको मिल्कीपुर का मोईद खान और कन्नौज का नवाब यादव प्यारा है, जो एक बेटी पर सीधे-सीधे हाथ डालता है। सपा विकास विरोधी है। इनकी दृष्टि सैफई से बाहर नहीं जाती। ये सैफई के बाहर नहीं सोच सकते। अयोध्या सांसद अवधेश प्रसाद कल अखिलेश यादव के सामने फिर रो पड़े। मिल्कीपुर की चुनावी रैली में उन्होंने सीएम योगी के बयान पर पलटवार किया। सांसद ने कहा, दलित बेटी की हत्या पर कल मैं रो रहा था। योगी बाबा ने कहा कि सांसद नौटंकी कर रहे हैं। हमें कुत्ता बना दिया। कुत्ते की पूंछ बताया। हमारे नेता का अपमान किया गया है। अखिलेश जी ने मुझे यहां से टिकट दिया। देव तुल्य मतदाताओं ने मुझे जिताया। जीतने के बाद भाजपा ने कहा ये तीन महीने के मेहमान हैं, लेकिन जाको राखे साइयां मार सके ना कोई। इजाजत दीजिए, मैं लोकसभा से इस्तीफा दे दूंगा। उन्होंने कहा हम पासी समाज से हैं, इसलिए हमें अपमानित किया जा रहा है। मेरी जनता से प्रार्थना है कि भाजपा की जमानत जब्त कर देना। मैं आशीर्वाद देता हूं कि दुनिया की कोई ताकत अखिलेश को प्रधानमन्त्री बनाने से नहीं रोक सकती। 2027 चुनाव की नींव मिल्कीपुर की जनता ने तैयार कर दी है। 2027 में 403 में से अगर 50 सीट भाजपा जीत जाएगी, तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा। भाजपा आसमान में काम कर रही है मैं धरती पर काम करूंगा। सपा के राज्यसभा सांसद राम गोपाल ने सदन से वॉकआउट के बाद कहा कि कुंभ में भगदड़ की घटना प्रशासन के कुप्रबंधन की वजह से हुई है। चश्मदीदों का कहना है कि भगदड़ में हजारों लोग मारे गए हैं और शवों को अधिकारियों ने गंगा में बहा दिया।

चार मोती

सुनील उत्सव

"चलन" "पतन" "गठन" "जनता"

मुँह में जो आया बका ऐसा चलन कैसे हुआ?
राजनैतिक सोच का इतना पतन कैसे हुआ??
जेबकतरे, चोर,अपराधी,इकट्ठा हो गए,
आम जनता पूछती है ये गठन कैसे हुआ??

महाकुंभ में स्नान के लिये भूटान नरेश पहुंचे लखनऊ, योगी ने किया स्वागत

लखनऊ, 03 फरवरी (वार्ता)। महाकुंभ के अवसर पर त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाने की चाहत के साथ भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांग्चुक सोमवार को लखनऊ पहुंचे। श्री वांग्चुक मंगलवार को प्रयागराज जाकर संगम में स्नान करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने भूटान नरेश को पुष्पगुच्छ प्रदान कर उनका कुशलक्षेम जाना। भूटान नरेश ने भी श्री योगी का अभिवादन किया। वहीं एयरपोर्ट पर कलाकारों ने भारतीय संस्कृति के अनुरूप विभिन्न प्रस्तुतियों से उनका स्वागत किया। वांग्चुक ने भी कलाकारों की हौसलाअफजाई की। भूटान नरेश मंगलवार को प्रयागराज महाकुम्भ जाएंगे। वे यहां संगम पर पावन त्रिवेणी स्नान व दर्शन-पूजन आदि करेंगे। महापौर सुषमा खर्कवाल, प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद, डीजीपी प्रशांत कुमार, लखनऊ के जिलाधिकारी विशाख जी आदि ने एयरपोर्ट पर उन्हें पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

भोकरहेड़ी में नाला निर्माण को लेकर अड़े दलित समाज के लोग

- दलित समाज के लोगों ने पाइपलाइन बिछाने के लिए हो रहे निर्माण कार्य को रुकवाया

भोपा, 03 फरवरी (बु.)। कस्बा भोकरहेड़ी में चल रहा नाला विवाद फिर से गर्मा गया है। सोमवार को पाइपलाइन बिछाने का विरोध करते हुए दलित समाज के लोगों ने पाइपलाइन का निर्माण कार्य रुकवा दिया तथा नाला निर्माण की मांग करने लगे। मौके पर पहुंचे तहसीलदार, नायब तहसीलदार, अधिशासी अधिकारी व भोपा थाने के प्रभारी निरीक्षक ने ग्रामीणों से वार्ता की। थाना भोपा क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी में बरला बसेड़ा मार्ग पर तालाब से पानी की निकासी के लिए पाइपलाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है, जिसको लेकर पहले भी दो पक्षों में विवाद हो गया था। सोमवार को सुदेश उर्फ बबलू, देवीराम, पुष्पेन्द्र, रणवीर, रोहित, काला, देवराज, बलधारी, तेजपाल, मुकेश सभासद, रविता, सरोज, सुनीता, रणबीरी, रेखा, बिमल, पूनम आदि सैकड़ों दलित समाज के लोगों ने एकत्रित होकर पाइपलाइन बिछाने का विरोध करते हुए प्रदर्शन किया। सुदेशपाल उर्फ बबलू ने कहा कि दलित बस्ती को पाइपलाइन बिछाने से भारी नुकसान होगा तथा पानी उनके घरों में घुस जाएगा। इसलिए नाले का ही निर्माण किया जाए क्योंकि पानी की निकासी के लिए पाइपलाइन बिछाना स्थाई समाधान नहीं है। अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर पानी निकासी का कोई स्थाई समाधान निकालना चाहिए ताकि कस्बे को जलभराव की समस्या से निजात मिल सके। सूचना पर तहसीलदार सतीश चंद बघेल, नायब तहसीलदार ब्रजेश सिंह, अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन, भोपा थाना प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए तथा ग्रामीणों को समझाने का प्रयास करने लगे। घंटों की खींचतान के बाद भी ग्रामीण पाइपलाइन बिछाने को लेकर सहमत नहीं हुए और नाला निर्माण पर अड़े रहे, जिसके बाद तहसील अधिकारी वापिस लौट गये। इस अवसर पर कानूनगो सुनील शर्मा, ललित मोहन शर्मा, शुकतीर्थ चौकी प्रभारी रणवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

सरस्वती विद्या मंदिर केशवपुरी में किया गया यज्ञ हवन

मुजफ्फरनगर, 03 फरवरी (बु.)। सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज केशवपुरी में वैदिक यज्ञ के साथ सोमवार को ज्ञान की देवी मां सरस्वती का जन्म दिवस मनाया गया। इस दौरान यजमान संजय अग्रवाल व्यवस्थापक ने सपत्नीक आहुति डालकर यज्ञ संपन्न कराया। पुरोहित शांता प्रसाद आर्य जिला प्रधान आर्य समाज आनंदपुरी ने वैदिक मंत्रों के द्वारा यज्ञ किया। व्यवस्थापक संजय अग्रवाल ने बताया कि हमारी सनातन संस्कृति हमें अध्यात्म से जोड़कर रखती है और हम एक दूसरे के सुख दुःख में सदैव सहयोगी रहते हैं। कौशल आर्य प्रधानाचार्य ने बताया कि वैदिक संस्कृति से ही मनुष्य को अच्छे कार्य करने की सीख मिलती है, इससे मनुष्य में परोपकार की भावना पैदा होती हैं। श्यामलाल बंसल ने बताया कि मनुष्य जीवन में सोलह संस्कार बताये हैं, जिनमें विद्यारम्भ एक प्रमुख संस्कार है। जब बालक विद्याध्यन के लिए गुरुकुल में जाता था,

तब गुरुजी द्वारा यह संस्कार किया जाता था। उन्होंने मां शारदे के जन्मदिन के अवसर पर विद्यालय में नवीन प्रवेश लेने वाले नन्हें-मुन्नों को अपना शुभाशीष देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। मनीषा आर्या ने यज्ञ संपन्न कराने में विशेष सहयोग किया । इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

विश्वकप विजेता भारत की अंडर-19 महिला टीम को पांच करोड़ रुपये का पुरस्कार

मुंबई, 03 फरवरी (वार्ता)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईसीसी महिला टी-20 विश्वकप का खिताब जीतने वाली भारत की अंडर-19 महिला टीम को पांच करोड़ रुपये का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है। बीसीसीआई ने टूनार्मेंट में भारतीय टीम के असाधारण प्रदर्शन के लिए यह पुरस्कार दिये जाने की घोषणा की है। इसी के साथ टीम की मुख्य नूशिन अल खादीर के साथ-साथ उनके सहयोगी स्टाफ की भी सराहना की। बीसीसीआई के अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने कहा, ह्लअंडर-19 महिला विश्वकप को बरकरार रखने के लिए हमारी लड़कियों को बधाई। उनका अजेय अभियान भारत में महिला क्रिकेट के विकास को दशार्ता है। यह ट्रॉफी हम सभी के लिए गर्व का क्षण है और मैं हर सदस्य को चमकते हुए देखकर प्रसन्न हूँ। इस अवसर पर बीसीसीआई के मानद सचिव देवजीत सैकिया ने कहा, ह्लयह जीत उनके समर्पण, दृढ़ता और कौशल को दशार्ती है। यह भारत के जमीनी स्तर के क्रिकेट की ताकत और देश में महिला क्रिकेट के उज्ज्वल भविष्य को उजागर करती है। बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा,

लगातार विश्वकप जीतना उनके अनुशासन और दृढ़ता का प्रमाण है। यह जीत भारत की युवा लड़कियों की अगली पीढ़ी को बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित करेगी। उल्लेखनीय है कि निकी प्रसाद की अगुआई वाली भारतीय टीम ने फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को नौ विकेट से हराकर पूरे टूनार्मेंट में अजेय रहते हुए अपने खिताब बरकरार रखा।

महाकुंभ की आलोचना करने वालों को संतों ने दिया माकूल जवाब

महाकुंभनगर, 03 फरवरी(वार्ता)। बसंत पंचमी के पावन अवसर पर त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान करने के साथ ही संत और महात्माओं ने महाकुंभ की आलोचना करने वालों को माकूल जवाब भी दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की व्यवस्थाओं और श्रद्धालुओं को दी जा रही सुविधाओं की तारीफ करते हुए विपक्षी दलों को आईना भी दिखाया। पंच निर्मोही अनी अखाड़ा के जगतगुरु महामंडलेश्वर संतोष दास सत्तुआ बाबा महाराज ने कहा, जो लोग साधु और महाकुम्भ के बारे में बातें कर रहे हैं, मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि (सपा प्रमुख) अखिलेश यादव जी, आपने कभी सनातन का पालन नहीं किया और न ही सनातन का सम्मान किया। तो अब इसका फायदा मत उठाइए। हमने देखा है जब आपकी पार्टी सत्ता में थी, आपने सनातनियों पर गोलियां चलाई थीं। अपने फायदे के लिए अफवाहें मत फैलाइए। हम सनातनी हैं और हम आपके जैसे लोगों को जड़ से उखाड़ फेंकेंगे। जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी ने कहा, हम यहां भारत की एकता का गवाह बन रहे हैं।

विभिन्न विचारों और धर्मों के लोग गंगा के किनारे एक साथ हैं। दुनिया में डर और अशांति हो सकती है, लेकिन भारत में शांति और सुख है। दुनिया युद्धों का सामना कर रही है, लेकिन भारत के पास ज्ञान है। हम अपने आध्यात्मिक मूल्यों, योग और आयुर्वेद के माध्यम से दुनिया का नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं। दुनिया भारत की ओर समाधान के लिए देख रही है। मैं मुख्यमंत्री योगी का आभार व्यक्त करता हूं कि उनके प्रशासन ने उच्चतम स्तर की व्यवस्थाएं की हैं।

अयोध्या में रामलला के दर्शन करने वालों की संख्या एक करोड़ के पार

अयोध्या, 3 फरवरी (वार्ता)। रामनगरी अयोध्या में 26 जनवरी से बसंत पंचमी यानि तीन फरवरी तक एक करोड़ से भी अधिक श्रद्धालु पहुंच चुके हैं जो कि एक रिकार्ड है। राम की धुन में श्रद्धालु झूम रहे हैं। सोमवार को वसंत पंचमी पर लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने सरयू नदी में स्नान किया और रामलला और हनुमान गढ़ी में दर्शन पूजन किया। अयोध्या में बसंत पंचमी पर भोर से ही स्नान शुरू हो गया। दोपहर बाद तक स्नान और दान का सिलसिला जारी रहा। इस बीच श्रद्धालुओं ने दर्शन के लिये मठ-मन्दिरों का रुख किया। राम मंदिर और हनुमानगढ़ी में देर शाम तक दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र राम मंदिर बना हुआ है। रोजाना तीन लाख के करीब श्रद्धालु रामलला से आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। इसके लिए ट्रस्ट ने व्यापक इंतजाम किए हैं। दर्शन के लिए 18 घंटे मंदिर खोला जा रहा है। वहीं हनुमान गढ़ी में भी प्रतिदिन श्रद्धालुओं की कतार दिखाई पड़ रही है। बसंत पंचमी की अयोध्या के मठ मन्दिरों में धूम है। साधु-संतों ने रंग खेला। इस दौरान गर्भगृह में विराजमान भगवान को भी अबीर गुलाल लगाया जाता है। बसंत पंचमी पर गर्भगृह में विराजमान रामलला को नए पीले वस्त्र धारण कराए गए। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुसार रामलला को गुलाल भी लगाया गया। प्रसाद स्वरूप अर्चकों ने भी परस्पर गुलाल लगाया। खीर, पूड़ी, मेवा, फल और अन्य व्यंजनों का भोग लगाया गया। प्रयागराज में स्नान करने के लिए एक बड़ा क्षेत्र है, लेकिन अयोध्या में श्रद्धालुओ के केंद्र पर रामलला ही हैं। ऐसे में एक

ही जगह पर बड़ी संख्या में एकत्रित भीड़ को संभालना आसान नहीं था, लेकिन प्रशासनिक सूझ-बूझ व अधिकारियों की रणनीति ने इसे आसान बना दिया। आईजी प्रवीण कुमार बताते हैं की रोड डायवर्जन कर दिया गया है। इसके अलावा पार्किंग के भी इंतजाम किये गए हैं। बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। सुरक्षा मानकों के आधार पर श्रद्धालुओं को दर्शन कराया जा रहा है। मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने बताया कि हमारे अधिकारी 24 घन्टे मेला क्षेत्र में निगरानी बनाये हुए हैं। 25 से 30 हजार लोगों के ठहरने के इंतजाम हैं। इसके अलावा खुले में सोने वालों को आश्रय स्थल में भेजने के लिए वाहन लगाए गए हैं। बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंच चुके हैं। उनकी सुविधाओं का ख्याल रखा जा रहा है।

जानसठ रोड की विद्युत रहेगी आज तीन घंटे बाधित

मुजफ्फरनगर, 03 फरवरी (बु.)। मौसम में जारी परिवर्तन के बीच मंगलवार को 33/11 केवी जानसठ रोड के उपकेंद्र की 33 केवी लाइन का मरम्मत का कार्य किया जाना प्रस्तावित है, जिसके कारण मंगलवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर दो बजे तक उक्त जानसठ रोड बिजली घर के सभी 11 केवी फीडर बंद रहेंगे। स्थानीय एसडीओ विद्युत ने बताया कि मरम्मत कार्य के चलते मंगलवार को जानसठ रोड बिजलीघर से जुड़े क्षेत्र द्वारका सिटी, एटूजेड कॉलोनी, गुलशन विहार, पारस इन्क्लेव, वसुंधरा रेजीडेंसी, मीनाक्षीपुरम, महालक्ष्मी इनक्लेव, मौहल्ला अलमासपुर, गीता एनक्लेव और सहावली ग्राम और उससे जुड़े क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक बाधित रहेगी।

शराबी चालक ने रेस दी, ट्रैक्टर नाले में पलटा

- दो बच्चे और पिता मामूली रूप से हुए घायल

बुढ़ाना, 03 फरवरी (बु.)। बुढ़ाना। शराब पीकर ट्रैक्टर स्टार्ट कर रहे एक ग्रामीण ने ट्रैक्टर को आगे चलाने के बजाए पीछे चलाते हुए पूरी रेस दे दी, जिसके चलते उक्त ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलटकर नाले में गिर गया, जिसमें सवार शराबी चालक व उसके दो बच्चे दब गये, तब शोर शराबा सुनकर मौके पर आये ग्रामीणों ने दोनों बच्चों व उनके पिता को सकुशल बाहर निकाल लिया। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के रसूलपुर दभेड़ी गांव निवासी सोमपाल बीती रविवार की देर रात शराब के नशे में धुत था, तब

वह बाहर खड़े ट्रैक्टर को अंदर करने लगा। इसी दौरान ट्रैक्टर पर उसके दो बच्चे भी चढ़ गये, जब वह ट्रैक्टर स्टार्ट करने लगा, तो उसने ट्रैक्टर आगे ले जाने के बजाए ट्रैक्टर का पिछला गेयर लगाते ही अचानक से रेस दे दी, तब ट्रैक्टर तेज गति से चलता हुआ अनियंत्रित होकर नाले में पलट गया, जिसमें तीनों दब गये। तब बच्चों के शोर मचाने पर फुर्ती से दर्जनों लोग घटनास्थल पर आ गये और तीनों को बाहर निकालकर गांव के ही एक चिकित्सक को दिखाया, जहां पर तीनों को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गयी। यह तो गनीमत रही कि ट्रैक्टर कुछ गति पर चलकर पास ही नाले में पलट गया नहीं तो रोड पर चल रहे किसी बड़े वाहन से टकराकर कोई भी बड़ा हादसा हो सकता था। फिलहाल तीनों ठीक हैं।

ईवान हॉस्पिटल में 'एम्प्लॉय ऑफ द मंथ' चुनी गई मिस सना नाज

मुजफ्फरनगर, 03 फरवरी (बु.)। भोपा रोड स्थित ईवान हॉस्पिटल मुजफ्फरनगर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित करने की परंपरा के तहत इस महीने के 'एम्प्लॉय ऑफ द मंथ' का चुनाव किया गया। हॉस्पिटल के सभी कर्मियों ने मतदान के माध्यम से अपनी पसंद के सबसे मेहनती और समर्पित कर्मचारी का चयन किया, जिसमें नर्सिंग हेड मिस सना नाज विजेता रहीं। उनकी इस उपलब्धि के लिए उन्हें प्रशस्ति पत्र व 5000 रुपए पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में ईवान हॉस्पिटल के सीईओ विजय कुमार जैन, ऑनर मंजू जैन और एचआर हेड चंचल गौतम ने मिस सना नाज को पुरस्कार प्रदान किया और उनके समर्पण व मेहनत की सराहना की। सीईओ विजय कुमार जैन ने कहा कि मिस सना नाज ने अपनी मेहनत और पेशेवर प्रतिबद्धता से नर्सिंग विभाग

को एक नई ऊंचाई तक पहुंचाया है। उनकी सेवा भावना और नेतृत्व क्षमता हॉस्पिटल के अन्य कर्मियों के लिए प्रेरणादायक है। एचआर हेड चंचल गौतम ने प्रशंसा करते हुए कहा कि एम्प्लॉय ऑफ द मंथ कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मियों की कड़ी मेहनत और निष्ठा को पहचानना और प्रोत्साहित करना है। मिस सना नाज का समर्पण हॉस्पिटल के मरीजों व कर्मियों के लिए अनुकरणीय है। कार्यक्रम में मिस सना नाज ने पुरस्कार मिलने पर खुशी जताई और कहा कि यह सम्मान केवल मेरा नहीं, बल्कि पूरे नर्सिंग स्टाफ और मेरी टीम का है, जिन्होंने हर परिस्थिति में मेरा साथ दिया। मैं हॉस्पिटल प्रबंधन को धन्यवाद देना चाहूंगी, जिन्होंने मेरी मेहनत को सराहा और मुझे यह सम्मान दिया। इस दौरान हॉस्पिटल के कई वरिष्ठ अधिकारी, डॉक्टर और कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान हॉस्पिटल प्रशासन ने घोषणा की कि 'एम्प्लॉय ऑफ द मंथ' पहल को निरंतर जारी रखा जाएगा, ताकि कर्मचारियों को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया जा सके।

बिना नोटिस 346 बिजलीकर्मी बर्खास्त, किया जोरदार प्रदर्शन

लखनऊ, 03 फरवरी (एजेंसी)। अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस और अखिल भारतीय विद्युत कर्मचारी संघ के बैनर तले बिजली कर्मचारियों ने मंगलवार को गन्ना दफ्तर में जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने बिना किसी पूर्व

सूचना के 346 कर्मचारियों की बर्खास्तगी पर नाराजगी जताई और इसे अन्याय करार दिया। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों का कहना है कि अधिकारियों ने बिना नोटिस दिए उन्हें नौकरी से निकाल दिया और उनकी जगह नई भर्तियां कर लीं। उन्होंने आरोप लगाया कि भर्ती प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है और पैसे लेकर नियुक्तियां की गई हैं। बाराबंकी में कुल 1050 संविदा कर्मचारी लाइनमैन के पद पर कार्यरत थे, लेकिन अधिकारियों ने अब सिर्फ 670 कर्मचारियों को ही बनाए रखने का फैसला किया। इससे 346 कर्मचारियों की नौकरी छिन गई। कर्मचारी संगठनों ने चेतावनी दी है कि अगर बर्खास्त किए गए कर्मचारियों को बहाल नहीं किया गया, तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे।

महाकुंभ भगदड़ पर दायर याचिका खारिज

नयी दिल्ली, 03 फरवरी (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने प्रयागराज महाकुंभ भगदड़ को चिंता का विषय और एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना माना, लेकिन इससे संबंधित जनहित याचिका पर विचार करने से सोमवार को इनकार कर दिया। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने महाकुंभ श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशिष्ट दिशा-निदेर्शों और विनियमों के उचित कार्यान्वयन का निर्देश देने की मांग वाली अधिवक्ता विशाल तिवारी की याचिका कर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। हालांकि, पीठ ने याचिकाकर्ता को उच्च न्यायालय जाने की अनुमति देते हुए कहा, हम याचिका पर विचार नहीं कर रहे हैं। आप उच्च न्यायालय जा सकते हैं।ह्व मौनी अमावस्या के अवसर (29 जनवरी को) पर पवित्र स्नान के दौरान भगदड़ के दौरान कम से कम 30 लोगों की जान चली गई और 60 घायल हो गए थे। इस घटना के बाद यह याचिका दायर की गई थी। सुनवाई के दौरान अधिवक्ता तिवारी ने यह दावा करते हुए निर्देश मांगे कि भगदड़ की ऐसी घटनाएं आम हो गई हैं। उन्होंने नीतियां और नियम बनाने के लिए निर्देश देने की भी मांग की। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने जनहित याचिका का विरोध करते हुए कहा कि पहले से इस ही एक न्यायिक आयोग(इस मामले में) है। श्री रोहतगी ने आगे कहा, घटना की न्यायिक जांच चल रही है। इसी तरह की एक याचिका उच्च न्यायालय में दायर की गई है।ह्व याचिकाकर्ता ने सभी राज्य सरकारों को अपने-अपने राज्यों से कुंभ में जाने वाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश देने की मांग की थी। याचिकाकर्ता अधिवक्ता विशाल तिवारी ने सभी राज्य सरकारों को महाकुंभ श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करनेक का निर्देश देने की शीर्ष अदालत से गुहार लगाई थी। याचिका में घटना पर स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश देने और अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ उनकी लापरवाही के लिए कानूनी कार्रवाई शुरू करने का निर्देश देने की भी मांग की गई थी। श्री तिवारी ने अपनी याचिका में कहा कि भगदड़ सरकारी अधिकारियों की चूक, लापरवाही और प्रशासन की पूरी तरह विफलता के कारण लोगों की खराब स्थिति और भाग्य को दशार्ती है। जनहित याचिका में दावा किया गया है कि जब भी ऐसी घटनाएं होती हैं तो ज्यादातर आम और गरीब लोग ही इसके शिकार बनते हैं। किसी भी कार्यक्रम या समारोह में जाने वाले अति विशिष्ट लोगों के लिए अलग से व्यवस्था की जाती है।

किसानों को कैसे मिले सम्मान निधि जब नहीं हो रही फार्मर रजिस्ट्री

बुढ़ाना, 03 फरवरी (बु.)। विगत दिवस केंद्र सरकार ने पीएम किसान सम्मान निधि प्राप्त करने के लिए किसानों के सामने यह एक शर्त रख दी थी कि किसानों को इस राशि को प्राप्त करने के लिए फार्मर रजिस्ट्री करानी जरुरी होगी लेकिन बुढ़ाना तहसील क्षेत्र के सैकड़ों किसान ऐसे हैं, जिनकी अभी तक भी फार्मर रजिस्ट्री नहीं बनी है। वे सभी किसान तहसील परिसर में रोजाना धक्के खा रहे हैं। कभी अधिकारी तो कभी कर्मचारी उनको पूरी बात नहीं बता पा रहे या फिर वे समझ नहीं पा रहे हैं। इससे तो बुढ़ाना क्षेत्र के अधिकांश किसानों को इसका लाभ मिल ही नहीं पाये। फार्मर रजिस्ट्री न बनने का कारण ये है कि जितने भी गांव चकबंदी में आए हुए है, उनके डाटा ऑनलाइन नहीं हैं। इस डेटा को पोर्टल एक्सेप्ट नहीं कर रहा है, जिसके चलते किसान परेशान हैं और उसके सिर पर किसान सम्मान निधि का पैसा न मिलने का खतरा मंडरा रहा है। ये छोटे किसान हैं, जिनका खाद पानी का गुजारा किसान सम्मान निधि से हो जाता है। हालांकि बुढ़ाना एसडीएम राजकुमार भारती ने किसानों को आश्वस्त किया है कि वे घबराएं नहीं। फार्मर रजिस्ट्री अभी जारी रहेगी। जल्दबाजी न करें। चकबंदी रिकार्ड ऑनलाइन नहीं है। इसके लिए व्यवस्था बनाई जा रही है और उच्च आधिकारियों से बात की जा रही है।

मोदी ने संगीतकार चंद्रिका टंडन को ग्रैमी पुरस्कार मिलने पर बधाई दी

नयी दिल्ली, 03 फरवरी (वार्ता)। प्रधानमंत्री ने संगीतकार चंद्रिका टंडन को उनके एल्बम त्रिवेणी के लिए ग्रैमी पुरस्कार मिलने पर सोमवार को बधाई दी। श्री मोदी ने भारतीय संस्कृति के प्रति उनके अनुराग और एक उद्यमी, परोपकारी और संगीतकार के रूप में उनकी उपलब्धियों की सराहना की। श्री मोदी ने श्री टंडन के साथ 2023 में न्यूयॉर्क में उनके साथ हुई अपनी भेंट को भी याद किया है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर अपनी एक पोस्ट में लिखा, एल्बम त्रिवेणी के लिए ग्रैमी जीतने पर चंद्रिका टंडन को बधाई। एक उद्यमी, परोपकारी और निश्चित रूप से, संगीत के रूप में उनकी उपलब्धियों पर हमें बेहद गर्व है! यह सराहनीय है कि वह भारतीय संस्कृति के प्रति अत्यंत अनुरागी हैं और इसे लोकप्रिय बनाने की दिशा में कार्य कर रही हैं। वह अनेक लोगों के लिए प्रेरणा हैं।

भाजपा विधायक के भाई ने अपने बेटे की गोली मारकर की हत्या

उज्जैन, 03 फरवरी (वार्ता)। मध्यप्रदेश में उज्जैन जिले के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के घट्टिया विधायक के भाई ने पारिवारिक विवाद के चलते अपने बेटे को गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों

मृतक अरविंद मालवीय | आरोपी पिता मंगल मालवीय

ने बताया कि घट्टिया विधानसभा सीट से भाजपा विधायक सतीश मालवीय के बड़े भाई मंगल मालवीय का जिले के माकड़ौन तहसील के सचाई गांव में किराने की दुकान के रूपयों के लेन देन को लेकर आज सुबह अपने बेटे अरविन्द मालवीय (30) से विवाद हो गया। इसी दौरान मंगल ने अपनी लाइसेंसी बदूंक से अपने बेटे को सिर और सीने में गोली मार दी, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

व्यापारी सुरक्षा फोरम ने किया पंजाबी समाज का स्वागत

मुजफ्फरनगर, 03 फरवरी (बु.)। व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान रजि. के जिलाध्यक्ष द्वारा भरतिया कॉलोनी स्थित कार्यालय पर आयोजित बैठक के दौरान पंजाबी समाज रजि. के अध्यक्ष अंकुर दुआ व गांधी कॉलोनी हाउसिंग सोसायटी के नवनिर्वाचित चेयरमैन पवन छाबड़ा व उनकी पूरी टीम का स्वागत किया गया। इस दौरान बुलेटिन सम्पादक व पंजाबी समाज के अध्यक्ष अंकुर दुआ द्वारा व्यापारी सुरक्षा फोरम का पंजाबी समाज के समस्त पदाधिकारियों का स्वागत करने पर आभार व्यक्त किया और कहा कि व्यापारी जब तक एकजुट रहेगा, तब तक ही उसकी जीत सुनिश्चित है। उन्होंने व्यापारी सुरक्षा फोरम को आश्वस्त किया कि बुलेटिन हमेशा व्यापारियों के हित में आवाज उठायेगा फिर चाहे उसके लिए उन्हें किसी भी अधिकारी से बुराई क्यों ना लेनी पड़े। उन्होंने जीएसटी संग्रह पर चर्चा करते हुए कहा कि 2014 के बाद कई गुणा जीएसटी व्यापारियों ने देकर सरकार चलाने का शानदार काम किया है, मगर अधिकारी वर्ग दिन प्रतिदिन व्यापारियों पर हावी होता जा रहा है, इसके लिए आपस सबको एकजुट होना होगा, तभी आपकी

जीत सुनिश्चित होगी। हाउसिंग सोसायटी के चेयरमैन ने कहा कि गांधी कॉलोनी हाउसिंग सोसायटी के सभी गणमान्य लोग हमेशा व्यापारी हितों के लिए व्यापारी सुरक्षा फोरम के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे। बैठक में वित्त मंत्री द्वारा पेश किए गये बजट पर भी सभी व्यापारियों से चर्चा की, जिसमें कुछ व्यापारी बजट के नए प्रावधानों से खुश नजर आये और कुछ निराश। अधिकतर व्यापारियों ने बजट के प्रावधानों को नए विकसित भारत की नींव को मजबूत करने वाला बताया। बैठक में आगामी वर्ष में होने वाले कार्यों की रूपरेखा भी रखी गयी। बैठक में मनोज गुप्ता, राज कुमार रहेजा, दीपक शर्मा, हर्षित गर्ग, अखिल सिंघल, हर्ष गुलाटी, नितिन कुच्छल, राजीव गर्ग, अरूण सप्रा, मुनीश शर्मा, संजय गोयल, राहुल पंवार, विकास सिंघल, रविन्द्र कुमार, अजय शर्मा, सचिन शर्मा, शुभम कुमार शर्मा, संजय अग्रवाल, मोहन जैन, विकास शर्मा, विकास पाल, सागर अरोरा, रोहित भाटिया, अजय गर्ग, प्रवीण गोयल, रोबिन सिंघल, रोहित कुमार, कपिल सिंधी, राम भूरन गर्ग, शिव कुमार त्यागी, सचिन अग्रवाल, अभी शर्मा आदि व्यापारीगण उपस्थित रहे।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री तमंना प्रवीन का जन्म दिनांक 15/05/2009 है। नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा मेरी पुत्री तमंना प्रवीन के पासपोर्ट में मेरा नाम अफसाना दर्ज करा दिया था जो कि गलत है। मेरे सभी डॉक्यूमेंट्स आधार कार्ड, पैन कार्ड पासपोर्ट व अन्य डॉक्यूमेंट्स में मेरा वास्तविक नाम अफसाना परवीन है जो कि सही है तथा भविष्य में मुझे इसी नाम से ही जाना जायेगा।

श्रीमती अफसाना परवीन



पत्नी मोहम्मद इरफान
56, नंगला पिथौरा
जिला- मुजफ्फरनगर

बच्चे के साथ कुकर्म करने वाले किशोर को पुलिस ने पकड़ा

मुजफ्फरनगर, 3 फरवरी (बु.)। नई मण्डी कोतवाली प्रभारी दिनेश चन्द बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि कल रविवार को पचैंडा गांव निवासी एक व्यक्ति द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गयी थी कि 29 जनवरी को क्षेत्र का ही एक नाबालिग उसे बहला-फुसलाकर खेलने के बहाने गांव के ही तालाब पर ले गया था, जहां उसने उसके बेटे के साथ दुष्कर्म किया। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने बालक का मेडिकल कराया और आरोपी बाल अपचारी को सोमवार को अपनी हिरासत में ले लिया। जिसके बाद बाल अपचारी को बाल सम्प्रेक्षण गृह भेज दिया गया।

साइबर ठग ने कपड़ा व्यापारी के खाते से डेढ़ लाख उड़ाए

मुजफ्फरनगर, 3 फरवरी (बु.)। खालापार क्षेत्र के कुंगर पट्टी निवासी शाकिब ने जानकारी देते हुए बताया कि वह कपड़े का कारोबार करता है, जिसकी रुड़की रोड पर दुकान है। उसका कहना है कि उसने वाहन खरीदने के लिए बैंक से लोन के लिए आवेदन किया था, जिसके बाद उसके बैंक से क्रेडिट कार्ड भी आ गया। क्रेडिट कार्ड की लिमिट डेढ़ लाख रुपये की थी। पीड़ित क्रेडिट कार्ड का पिन बनाने का प्रयास कर रहा था, लेकिन वह उसे बनाने में असफल रहा। कुछ देर बाद उसके पास एक महिला की कॉल आई। महिला ने खुद को बैंक अधिकारी बताते हुए क्रेडिट कार्ड का पिन बनाने में मदद करने का आश्वासन दिया, जिसमें महिला द्वारा उसके मोबाइल पर लिंक भेजा गया। जैसे ही शाकिब ने इस लिंक को खोला हाथोंहाथ उसके खाते से डेढ़ लाख रुपये साफ हो गए, जिसकी शिकायत उसने पुलिस से की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

अयोध्या में दलित युवती की हत्या के आरोप में तीन गिरफ्तार

अयोध्या, 03 फरवरी (वार्ता) अयोध्या के कोतवाली क्षेत्र में दलित युवती की हत्या के आरोप में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरण नैय्यर ने सोमवार को पुलिस लाइन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बताया कि कोतवाली अयोध्या चौकी दर्शननगर क्षेत्र के अन्तर्गत दलित के साथ हुयी दरिंदगी की घटना में पुलिस ने हरिराम कोरी, विजय साहू और दिग्विजय सिंह उर्फ बाबा को गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों के पास से मृतका के कपड़े आदि बरामद किये गये है। उन्होंने बताया कि 31 जनवरी को इस मामले में मुकदमा दर्ज कर क्षेत्राधिकारी अयोध्या के नेतृत्व में चार टीमों का गठन किया गया था। विवेचना में मुखबिर की सूचना व इलेक्ट्रानिक सर्विलांस की मदद से हरिराम कोरी, विजय सिंह साहू व दिग्विजय सिंह उर्फ बाबा का नाम प्रकाश में आया, जिन्हें आज गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में अभियुक्तों ने मृतका की हत्या करना व शव को नाले में छिपा देना कबूल किया है। पुलिस के मुताबिक वैज्ञानिक साक्ष्यों का संकलन करते हुए यथाशीघ्र अभियुक्तों के विरुद्ध आरोप पत्र प्रस्तुत किया जायेगा, साथ ही फास्ट कोर्ट ट्रैक के माध्यम से प्रभावी कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को दंडित कराना सुनिश्चित किया जायेगा।

रामलला के मुख्य पुजारी सत्येन्द्र दास बीमार

अयोध्या, 03 फरवरी (वार्ता) श्रीरामजन्मभूमि पर भव्य मंदिर में विराजमान रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास को बीमारी की हालत में लखनऊ स्थित पीजीआई में भर्ती कराया गया है। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार आचार्य को ब्रेन स्ट्रोक की शिकायत के बाद पीजीआई में भर्ती कराया गया है। वह मधुमेह व उच्च रक्तचाप से भी पीड़ित हैं। फिलहाल उनकी हालत स्थिर बतायी जाती हैं और वह विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में हैं। पीजीआई की तरफ से जारी हेल्थ बुलेटिन के मुताबिक उनकी हालत गंभीर हैं। मौजूदा समय में उन्हें न्यूरोलॉजी वार्ड एचडीयू में भर्ती किया गया है और विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में इलाज चल रहा है। परिजनो ने बताया कि रविवार को महंत दास को सांस लेने में दिक्कत के बाद स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां डॉक्टरों ने उन्हें लखनऊ के लिये रेफर कर दिया गया था।

छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, नक्सली की मौत

कांकेर, 03 फरवरी (वार्ता) छत्तीसगढ़ के कांकेर और नारायणपुर जिले के सीमावर्ती इलाकों पखांजूर और पानीडोबीर के इलाके में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया। सुरक्षा बलों ने एक एसएलआर (स्ट्राइकर राइफल) हथियार भी बरामद किया है। सूत्रों के अनुसार, मुठभेड़ रुक-रुक कर जारी है। यह मुठभेड़ तब शुरू हुआ जब जिला रिजर्व गार्ड और बीएसएफ के जवान एरिया डोमिनेशन के अंतर्गत इलाके में गश्त पर थे। सुरक्षा बलों को नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना मिली थी, जिसके बाद कोयलीबेड़ा थाना क्षेत्र के पानीडोबीर इलाके में नक्सलियों से मुठभेड़ शुरू की।

दक्षिण अफ्रीका को वित्तीय सहायता देना बंद करेंगे ट्रंप

वाशिंगटन, 03 फरवरी (वार्ता) अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह दक्षिण अफ्रीका को वित्तीय सहायता देना तब तक के लिए बंद कर देंगे, जब तक कि अमेरिका उन कुछ वर्गों के लोगों की जांच नहीं कर लेता, जिनके साथ वहां बहुत बुरा व्यवहार किया जा रहा है। श्री ट्रंप ने सबूतों का हवाला दिए बिना दावा किया है कि दक्षिण अफ्रीका में कुछ वर्गों के लोगों के साथ बहुत बुरा बर्ताव किया जा रहा है। उन्होंने ट्रुथ सोशल पर अपनी पोस्ट में कहा, ह्दक्षिण अफ्रीका जमीन जब्त कर रहा है और कुछ वर्ग के लोगों के साथ बहुत बुरा व्यवहार कर रहा है। अमेरिका इसे बर्दाश्त नहीं करेगा, हम कार्रवाई करेंगे। इसके अलावा, मैं दक्षिण अफ्रीका को सभी भविष्य के वित्त पोषण को रोक दूंगा जब तक कि इस स्थिति की जांच पूरी नहीं हो जाती। यह स्पष्ट नहीं है कि श्री ट्रंप के पोस्ट का कारण क्या है। दक्षिण अफ्रीका ने अब तक उनकी टिप्पणी का कोई जवाब नहीं दिया है।

बिना देखे सुंदरकाण्ड पढ़ने वाले 'रसराज' से बुलेटिन सम्पादक की विशेष बातचीत

बुलेटिन सम्पादक ने किया सवाल, क्या सचमुच हनुमान चिरंजीवी हैं? रसराज बोले अश्वथामा, बलि, व्यास, हनुमान, विभीषण, कृपाचार्य और परशुराम ये सात चिरंजीवी हैं

मुजफ्फरनगर, 3 फरवरी (बु.)। सोमवार को सालासर बालाजी मंदिर पर सुंदरकांड करने से पहले मेरठ रोड स्थित योगेन्द्र पुरी में कार्तिक अग्रवाल के आवास पर पहुंचे हनुमान जी के कृपापात्र रसराज जी महाराज से बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ ने विशेष बातचीत की। बातचीत के दौरान उन्होंने सनातन धर्म से लेकर वीर हनुमान के चिरंजीवी होने तक की बात रसराज से पूछी। बुलेटिन सम्पादक ने उनसे सवाल किया कि युवा पीढ़ी आने वाले समय में किस तरह से विश्वास करे कि हनुमान अभी भी जीवित हैं। इस पर उन्होंने श्लोक के माध्यम से बताया कि-

अश्वत्थामा बलिर्व्यासो हनूमांश्च विभीषणः । कृपः परशुरामश्च सप्तएते चिरजीविनः ॥

सप्तैतान् संस्मरेन्नित्यं मार्कण्डेयमथाष्टमम्। जीवेद्वर्षशतं सोपि सर्वव्याधिविवर्जित ।।

इस श्लोक की पहली दो पंक्तियों के अनुसार अश्वत्थामा, बलि, व्यास, हनुमान, विभीषण, कृपाचार्य और परशुराम ये सात चिरंजीवी हैं। इसके बाद अगली पंक्तियों का अर्थ यह है कि इन सात के साथ ही मार्कंडेय ऋषि के नाम का जाप करने से व्यक्ति निरोगी रहता है और लंबी आयु प्राप्त करता है और जो युवा इस बात को मानने को तैयार नहीं, तो उन्हें बतायें कि जो वायु हम अपने आसपास महसूस कर रहे हैं, क्या कभी उसका दर्शन हुआ है? इसी प्रकार किसी न किसी रूप में हनुमान हमारे इर्द-गिर्द हैं। हां, उनका दर्शन होना दुर्लभ है। उन्होंने युवा पीढ़ी से आग्रह किया कि प्रयास करें कि दिन में 11 बार हनुमान चालीसा अवश्य पढ़ें। 11 बार भी न पढ़ पाएं तो 9 बार, 9 बार भी न पढ़ पाए तो 7 बार और सात बार भी न पढ़ पाएं तो उनका एक छोटा सा श्लोक हनुमान चालीसा से लें और उसे पढ़ लें तो भी उनका कल्याण सम्भव है। इस पर बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ द्वारा सवाल किया गया कि पूरे विश्व में हनुमान मंदिर के रूप में कौन सा स्थान सिद्ध है? तो उन्होंने कहा कि वे इस आडम्बर में नहीं पड़ते, अपने घर के जो सबसे नजदीक हनुमान मंदिर हो, उसी पर पूजा पाठ कर लेने से आपको सिद्धि तक प्राप्त हो सकती है। महिलाओं के हनुमान चालीसा पढ़ने पर उन्होंने जवाब दिया कि मुझे तो वो व्यक्ति ही नहीं मिलता जो यह कहकर गया हो कि महिलाएं हनुमान चालीसा का पाठ नहीं कर सकती। इनका अथवा सुंदर कांड में कहीं भी यह वर्णन नहीं है कि महिलाएं इनका पाठ नहीं कर सकती। उन्होंने यह भी कहा कि सुंदर कांड भी जरूरी नहीं कि एक दिन में पढ़ा जाए। गृहस्थ जीवन में रहते लोग भी यदि छह चौपाई प्रतिदिन पढ़ लें तो दस दिन में पाठ आसानी से पूर्ण हो जायेगा। उनसे जब यह सवाल किया गया कि वे बिना देखे पूरा सुंदरकांड किस तरह से पढ़ लेते हैं? तो उन्होंने उदाहरण दिया कि बनिया जब अपनी गद्दी पर बैठता है तो गद्दी को नतमस्तक होकर उस पर बैठ जाता है और बस यही इतनी सी बात ही उसे दुकानदारी की सिद्धि प्राप्त करा देती है। ठीक इसी तरह मैं यदि सुंदरकांड देखकर पढ़ता हूं तो आधा भूल जाता हूँ और जब व्यास गद्दी पर विराजमान होकर आंखे बंद कर लेता हूं और सुंदरकांड के प्रति अपना भाव व्यक्त करता हूं तो पूरा सुंदरकांड मौखिक रूप से पढ़ा जाता है। उन्होंने कहा कि सनातन की शक्ति अभी और बढ़ेगी और जिन लोगों ने महाकुम्भ पर आरोप लगाए हैं, उनका जल्द ही विनाश होगा। महाकुम्भ पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि जरूरी नहीं कि आप भीड़ में ही स्नान करने जाएं, जब भीड़ कम हो जाए तब भी आप स्नान के लिए जा सकते हैं। महाकुम्भ में श्रद्धालुओं की हुई मौतों पर चर्चा करने पर उन्होंने जवाब दिया कि वह मौत नहीं मोक्ष है। गंगा किनारे यदि किसी आपदा के चलते किसी का जीवन चला जाए तो उसे मौत नहीं कहते, उसे मोक्ष कहते हैं। उन्होंने कहा कि इतना बड़ा आयोजन यह वास्तव में सरकार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ही पवित्र मंशा का फल है। नहीं तो इतना बड़ा आयोजन जिसमें पचास करोड़ से अधिक लोग स्नान कर लें, हंसी-खेल नहीं है। महाराज रसराज ने मुजफ्फरनगर के भक्तों के उज्ज्वल भविष्य की कामना बुलेटिन के माध्यम से की। इस दौरान परिवार के विरेन्द्र कुमार, दीपक कुमार, कार्तिक अग्रवाल, उत्कर्ष अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, वैभव गोयल, मधु गोयल टिहरी स्टील्स, शिवानी, ज्योत्सना, प्रीति, गौरी, रश्मी, अतिथि श्रेय जिंदल प्लासा होटल, विश्व रत्न शारदेन स्कूल, सनथ जैन सिल्वर टन पेपर, नीरज बंसल, राजेश बत्रा, आराध्या आदि मौजूद रहे।

बहराइच में वाटर टैंक में मिला तेंदुए का शव

बहराइच, 03 फरवरी (वार्ता) उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के ककरहा रेंज स्थित भिउरा वीरघाट में सोमवार को एक ग्रामीण के घर के पीछे सात वर्षीय तेंदुए का शव टैंक में पाया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए वन क्षेत्राधिकारी ने घटनास्थल का दौरा किया। तेंदुए की उम्र करीब सात वर्ष बताई गई है। डीएफओ बी शिव शंकर की उपस्थिति में तीन डॉक्टरों की टीम ने शव का पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम में यह जानकारी मिली कि तेंदुआ नर है और इसकी मौत अज्ञात कारणों से हुई है। इससे पहले, दो दिन पूर्व एक बाघ का शव भी गेरूआ नदी में मिला था, जिससे इलाके में वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। डीएफओ ने बताया कि तेंदुए के शव का विसरा सुरक्षित कर आईवीआरएस बरेली भेजा गया है। रिपोर्ट आने पर आगे की जानकारी दी जाएगी। इस घटना ने वन्यजीव संरक्षण के मुद्दे पर एक बार फिर ध्यान आकर्षित किया है और स्थानीय प्रशासन को वन्य जीवों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया है।

इटावा में नेग को लेकर किन्नरों के दो गुटों में संघर्ष, छह घायल

इटावा, 3 फरवरी (वार्ता) उत्तर प्रदेश में इटावा जिले के फ्रेंड्स कॉलोनी इलाके के कोकिला उत्सव गार्डन में किन्नरों के दो गुटों में हुए संघर्ष में छह किन्नर गंभीर रूप से घायल हो गये।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने सोमवार को बताया कि विवाह समारोह में नेग मांगने के को लेकर एक किन्नर पक्ष ने दूसरे किन्नर पक्ष पर लाठी, सबल, सरिया, चाकू से हमला कर दिया। जिसमें धड़कन, गौरी, और शबाना गंभीर रूप से घायल हो गई। हमला करने वाले पक्ष से भी दो किन्नर घायल है। पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। उन्होंने बताया कि पिछले कई महीनों से किन्नरों के दो गुटों में नेग मांगने को लेकर विवाद गहराया हुआ है। सोमवार सुबह किन्नरों का स्थाई गुट पर थाना फ्रेंड्स कॉलोनी स्थित कोकिला उत्सव गार्डन में शादी में नेग मांगने गए थे। तभी एक बाहरी किन्नर के गुट और उनके साथ आए गुंडों ने लाठी डंडों से हमला बोल दिया। जिसमें दोनों ही पक्ष के पांच किन्नर जख्मी हो गए जिसमें एक की हालत ज्यादा गंभीर बनी हुई है। अन्य किन्नरों को उपचार के बाद भेजा गया है। अल्लारखखी गुट की किन्नर कामिनी चौहान ने बताया कि पूर्व में भी पूजा पांडे की टीम के द्वारा हमारे साथियों के साथ पहले भी मारपीट की जा चुकी है, हमारे साथी किन्नरों के सिर के बाल काटकर उन पर लगातार हमला किया जा रहा है। हम लोगों के ऊपर झूठे मुकदमें लगाकर पुलिस में शिकायत की जाती है। बसरेहर में हुए विवाद के बाद लिखा पढ़ी में हम लोगों ने चौबिया क्षेत्र के 84 गांव तीन ग्राम पंचायत में इनको नेग मांगने की सहमति दी थी। जिसका प्रूफ के तौर पर कागज हम लोगों के पास है लेकिन उसके बावजूद भी हम लोगों के क्षेत्र में आकर दबंगई से नेग मांग रहे है। जब उनको मना करें तो यह लोग हमारे ऊपर हमला कर देते है। और खुद भी अपने आप को घायल करके पुलिस में झूठे मुकदमें दर्ज करवा देते है।

पुलिस व बदमाशों के बीच मुठभेड़ में एक बदमाश को गोली लगी

घायल बदमाश ने तीन दिन पूर्व मीरापुर में सर्राफ पुत्र की हत्या के इरादे से की थी फायरिंग

मीरापुर, 3 फरवरी (बु.)। मीरापुर में डिग डेहरा मार्ग पर बाइक सवार बदमाशों के साथ पुलिस की मुठभेड़ हो गयी। मुठभेड़ में पुलिस की गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया, जबकि उसका साथी बाइक लेकर फरार हो गया। घायल बदमाश ने तीन दिन पूर्व साथियों संग मीरापुर में सरे बाजार सर्राफ पुत्र की हत्या करने के इरादे से फायरिंग की थी।मुठभेड की सूचना पर सीओ जानसठ भी मौके पर पहुँच गये।

मीरापुर इंस्पेक्टर बबलू कुमार वर्मा ने बताया कि मीरापुर पुलिस सोमवार की देर रात्रि कस्बे से डिगडेहरा मार्ग पर चैकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को कुतुबपुर झाल की ओर से एक मोटरसाइकिल पर दो संदिग्ध युवक आते दिखाई पड़े। जिन्हें पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो दोनों युवक बाइक लेकर भागने लगे जिस पर पुलिस ने उनका पीछा करते हुए उन्हें घेर लिया तो पुलिस द्वारा घेराबंदी होने पर युवकों ने पुलिस पर फायर कर दिया। जिस पर पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की तो पुलिस की गोली बाइक पर पीछे बैठे एक बदमाश के पैर में जा लगी, जिससे वह नीचे गिर गया तथा घायल हो गया।पुलिस ने घायल बदमाश को पकड़ लिया।जबकि दूसरा बदमाश बाइक लेकर फरार हो गया। पुलिस के अनुसार पकड़े गया बदमाश शातिर बहसूमा थाने का हिस्ट्रीशीटर अंकुश उर्फ बवंडर पुत्र धनवीर निवासी गांव रहमापुर थाना बहसूमा जनपद मेरठ निकला। पुलिस के अनुसार घायल बदमाश अंकुश उर्फ बवंडर ने अपने आधा दर्जन साथियों संग तीन दिन पूर्व मीरापुर में सर्राफ पुत्र आदर्श उर्फ तुषार की हत्या करने के इरादे से सरे बाजार फायरिंग की थी। पुलिस को घायल बदमाश के पास से एक तमंचा 315 बोर एक जिन्दा कारतूस व एक खोखा कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने घायल बदमाश को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया।मुठभेड़ की सूचना पर सीओ भोपा देवव्रत वाजपेई मौके पर पहुँच गए।

घायल बदमाश पर 9 आपराधिक मुकदमें दर्ज है

मीरापुर। इंस्पेक्टर बबलू कुमार वर्मा ने बताया घायल बदमाश बेहद शातिर किस्म का है उस पर हस्तिनापुर, बहसूमा व मीरापुर में लूट-चोरी व 307 के करीब 9 मुकदमें दर्ज है।तथा वह बहसूमा थाने का हिस्ट्रीशीटर भी है।वह आज भी किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने मीरापुर क्षेत्र में आया था।

दस दिन पूर्व ही जेल से छूटकर बाहर आया था

मीरापुर। इंस्पेक्टर बबलू कुमार वर्मा ने बताया कि घायल बदमाश अंकुश उर्फ बवंडर का बहसूमा व हस्तिनापुर क्षेत्र में आतंक व्याप्त है वह पिछले काफी समय से मेरठ जेल में बंद था तथा करीब दस दिन पूर्व ही 24 जनवरी को जमानत पर छूटकर बाहर आया था।

मुरादाबाद में प्रेमी युगल की पिटाई, युवक की मौत

मुरादाबाद, 03 फरवरी (वार्ता) उत्तर प्रदेश में मुरादाबाद के डिलारी क्षेत्र में प्रेमी-युगल की बेरहमी से पिटाई से युवक की मौत हो गई जबकि युवती मेरठ मेडिकल कॉलेज में जिंदगी मौत से जूझ रही है। पुलिस ने युवती के आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक (अपराध) सुभाष चन्द्र गंगवार ने सोमवार को बताया कि डिलारी थाना क्षेत्र के गांव डोलावाली निवासी एक युवती और उसके पड़ोसी 25 वर्षीय रोहित के बीच प्रेम-प्रसंग चल रहा था। रविवार रात्रि में किसी समय रोहित युवती से मिलने उसके घर पहुंच गया था। आरोप है कि घर में संदिग्ध की मौजूदगी की आहट से चौंकना हुए परिजनों ने युवक-युवती को लोहे की राड से पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। युवक जैसे तैसे जान बचाकर मौके से भाग निकला लेकिन बाद में युवक की मौत हो गई जबकि युवती भी मेरठ मेडिकल कॉलेज में जिंदगी मौत से जूझ रही है। घटना के बाद युवती को जिला संयुक्त अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने गंभीर अवस्था में उसे मेरठ मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। पुलिस अधीक्षक क्राइम ने बताया कि मृतक रोहित के परिजनों की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज.कर डिलारी थाना पुलिस ने नामजद आरोपी जसवंत को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक के परिजनों द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाते हुए कहा है कि रोहित को साजिशन घर से बुलाकर हत्या कर दी गई।

पंजाब में पुलिस चौकी में बड़ा धमाका, दहल उठा इलाका, मच गई भगदड़

अमृतसर, 03 फरवरी (एजेंसी)। पंजाब में बड़े धमाके की खबर सामने आई है। पंजाब में आतंकियों ने एक और धमाके को अंजाम दिया है। पंजाब में पुलिस स्टेशन पिछले कई महीनों से लगातार निशाना बने हुए हैं। इस दौरान कई पुलिस थानों में धमाके भी हुए हैं। आज फिर ऐसी ही घटना घटित होने की खबर मिली है,



जानकारी के अनुसार यह धमाका अमृतसर बाईपास स्थित फतेहगढ़ चूड़ियां पुलिस चौकी में किया गया है। जानकारी के अनुसार ऊपर से किसी ने पुलिस स्टेशन के बाहर हैंड ग्रेनेड फेंका, जिससे इलाके में बड़ा धमाका हो गया। यद्यपि विस्फोट के बाद पुलिस दल हमलावरों के पीछे गया, लेकिन वे उन्हें काबू नहीं कर सके। यह भी बताया गया है कि पुलिस ने थाने को बंद कर ताल लगा दिया है। फिलहाल कोई भी पुलिस अधिकारी इस बारे में कुछ भी कहने को तैयार नहीं है।

कुलगाम में आतंकवादी हमला, पूर्व सैन्यकर्मी की मौत

श्रीनगर, 03 फरवरी (वार्ता) जम्मू कश्मीर के कुलगाम जिले में सोमवार को आतंकवादी हमले में एक पूर्व सैनिक की मौत हो गई जबकि उनकी पत्नी और पुत्री घायल हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों ने बेहिबाग इलाके में पूर्व सैन्यकर्मी मंजूर अहमद वाघे पर गोलीबारी की, जिसमें परिवार के तीन सदस्य घायल हो गए। तीनों को अस्पताल ले जाया गया जहां वाघे ने दम तोड़ दिया जबकि उनकी पत्नी और पुत्री की हालत स्थिर बताई जा रही है। घटना के तुरंत बाद सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी और अपराध के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों की तलाश शुरू कर दी।

कश्मीर में अगले 36 घंटों के दौरान बारिश, हिमपात होने के आसार

श्रीनगर, 03 फरवरी (वार्ता) जम्मू-कश्मीर में अगले 36 घंटों के दौरान कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और हिमपात होने के आसार हैं। मौसम विभाग ने सोमवार को बताया कि आज मौसम शुष्क रहने और देर रात मैदानी इलाकों में हल्की बारिश तथा ऊंचे इलाकों में हिमपात होने का अनुमान है जबकि मंगलवार को बादल छाए रहने और बुधवार को पूर्वाह्न तक कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश तथा हिमपात हो सकता है। चेनाब घाटी और पीरपंजाल रेंज (दक्षिण कश्मीर) के ऊंचे इलाकों में इस दौरान आठ- 10 इंच तक बर्फबारी होने और नौ-11 फरवरी तक कुछ स्थानों पर हल्की बारिश तथा हिमपात होने का अनुमान है। पहलगाम और गुलमर्ग जैसे पर्यटन स्थलों को छोड़कर, रविवार देर रात को तापमान सामान्य से ऊपर रहा। श्रीनगर में न्यूनतम तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2.1 डिग्री सेल्सियस अधिक है। रविवार को दर्ज किया गया दिन का तापमान श्रीनगर में सामान्य से 9.0 डिग्री सेल्सियस से 2.0 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। श्रीनगर में आज तेज धूप खिलने के कारण दिन के तापमान में सुधार होने के आसार हैं।

बुढ़ाना के शोरो में 'तहसील आपके द्वार' कार्यक्रम का भव्य आयोजन सम्पन्न

मुजफ्फरनगर, 03 फरवरी (बुस.)। डीएम उमेश मिश्रा के निर्देशन एवम मार्गदर्शन में अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में "तहसील आपके द्वार" कार्यक्रम का आयोजन तहसील बुढाना की ग्राम पंचायत शोरो में वैदिक कन्या इण्टर कॉलेज परिसर में किया गया। तहसील आपके द्वार कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी बुढ़ाना राज कुमार, तहसीलदार बुढ़ाना महेंद्र, पुलिस उपाधीक्षक गजेन्द्र पाल सिंह, शाहपुर ब्लॉक, खण्ड विकास अधिकारी राजीव कुमार, चिकित्सा अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर, सहायक श्रम आयुक्त देवेश सिंह, श्रम प्रवर्तन अधिकारी बालेश्वर एवम अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। "तहसील आपके द्वार" कार्यक्रम में राजस्व, महिला कल्याण विभाग, बाल विकास एवम पुष्टाहार, श्रम विभाग, ग्राम्य विकास, कृषि विभाग, समाज कल्याण, आपूर्ति विभाग, पुलिस विभाग, विद्युत चिकित्सा एवम स्वास्थ्य, पशुपालन विभाग, पंचायत राज, उद्यान विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, एवम अन्य विभागो से सम्बन्धित कैम्प लगाये गये व सभी सम्बन्धित अधिकारीगण व कर्मचारी आवश्यक व्यवस्थाओं सहित उपस्थित रहे। "तहसील आपके द्वार" कार्यक्रम में ग्रामवासियों द्वारा उत्साह के साथ प्रतिभाग किया गया तथा विभिन्न विभागों से सम्बन्धित अपनी समस्याओं को अपर जिलाधिकारी प्रशासन के समक्ष रखा गया। समस्याओं का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। तहसील आपके द्वार कार्यक्रम में राजस्व विभाग, कृषि विभाग, आपूर्ति विभाग, श्रम विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवम ग्राम्य विकास विभाग के पात्र लाभार्थियों को आवास, कृषि यंत्र ट्रैक्टर, आयुष्मान कार्ड,राशन कार्ड आदि लाभ प्रदान किया गया। बुढाना तहसील से नायब तहसीलदार अमन कुमार, नायब तहसीलदार रोहित कुमार, राजस्व निरीक्षक लेखपाल व अन्य कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

महाकुंभ में अव्यवस्था का आरोप लगाते हुए राज्यसभा से विपक्ष ने किया बहिर्गमन

नयी दिल्ली 03 फरवरी (वार्ता) कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी तथा अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों ने सोमवार को राज्यसभा में प्रयागराज में महाकुंभ में अव्यवस्था का आरोप लगाते हुए सदन की कार्यवाही से बर्हिगमन कर दिया। सभापति जगदीप धनखड़ ने सुबह जैसे ही सदन के कार्यवाही शुरू की, तो कांग्रेस के प्रमोद तिवारी बोलने के लिए खड़े हो गए। सभापति ने उन्हें बोलने की अनुमति नहीं दी और विधायी कामकाज शुरू कर दिया। कार्यवाही के दौरान श्री धनखड़ ने बताया कि कांग्रेस के प्रमोद तिवारी, दिग्विजय सिंह और रंजीत रंजन तृणमूल कांग्रेस की सागरिका घोष, समाजवादी पार्टी के जावेद खान और रामजीलाल सुमन तथा मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के जॉन ब्रिटास ने प्रयागराज में महाकुंभ में अव्यवस्था का उल्लेख करते हुए नियम 267 के तहत नोटिस दिए हैं, जिन्हें प्रावधानों के अनुरूप नहीं होने के कारण अस्वीकार कर दिया गया है। इसके उपरांत, कांग्रेस तथा अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों ने शोर शराबा आरंभ कर दिया। इस बीच सभापति ने अपनी अनुमति से उठाए गए मामले के अंतर्गत सदस्यों को अपना वक्तव्य देने के लिए पुकारा। सदन में विपक्ष के सदस्य जोर-जोर से बोलते रहे। इसके बाद कांग्रेस तथा विपक्ष के सदस्यों ने सदन की कार्यवाही से बर्हिगमन कर दिया। इससे पूर्व, श्री धनखड़ ने राष्ट्रीय जनता दल के प्रेमचंद गुप्ता और भारतीय जनता पार्टी के नरेश बंसल को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। सभापति ने सदन को पूर्व सदस्य पलवलास राजशेखरम के निधन की जानकारी दी और सदस्यों ने मौन खड़े होकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। श्री धनखड़ ने बताया कि कांग्रेस के रणदीप सुरजेवाला तथा अन्य सदस्यों ने डॉक्टर बी आर अंबेडकर की प्रतिमा को लेकर भी नियम 267 के अंतर्गत नोटिस दिये है, जिसे खारिज कर दिया गया है।

रुपया 52 पैसे लुढ़ककर सार्वकालिक निचले स्तर पर

मुंबई 03 फरवरी (वार्ता) अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कनाडा, मैक्सिको और चीन पर टैरिफ लगाने से दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के छलांग लगाने के दबाव में आज अंतरबैंकिग मुद्रा बाजार में रुपया 52 पैसे लुढ़ककर पहली बार 87 रुपये के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 87.14 रुपये प्रति डॉलर के सार्वकालिक निचले स्तर पर आ गया। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 86.62 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था। कारोबार की शुरूआत में रुपया 33 पैसे की भारी गिरावट के साथ 86.95 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और सत्र के दौरान यही इसका दिवस का उच्चतम स्तर भी रहा।

यशवीर महाराज ने दी चेतावनी, होली स्थानों से छेड़छाड़ की कोशिश न करें

मुजफ्फरनगर, 3 फरवरी (बु.)। छपार थाना क्षेत्र के गांव बड़ीवाला में पहुंचे बघरा के यशवीर महाराज ने होली चौक पर होली का बसंत रखा। पूजन कराकर उन्होंने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि होली चौक पर एक मुस्लिम जेहादी मानसिकता का एक भू माफिया कब्जा कराना चाहता था। इस भू माफिया ने पुलिस से साठ गाठ भी की थी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि उक्त भू माफिया कान खोलकर सुन ले होली चौक पर किसी भी कीमत पर जेहादी भू-माफियाओं का कब्जा नहीं होने देंगे। पिछले सौ वर्षों से लगातार इसी चौक पर होलिका दहन होता आ रहा है, इसी पर होता रहेगा। यदि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ करने की कोशिश की गयी या किसी महिला से दुर्व्यवहार किया गया तो मुस्लिम भू माफिया अपनी जिम्मेदारी अपने आप सोच लें। उन्होंने प्रशासन को भी इस ओर ध्यान देने की अपील की। यशवीर महाराज ने बताया कि उक्त भू माफिया मुजफ्फरनगर में पथराव करने वाले जेहादियों के साथ भी शामिल था। उन्होंने मांग की कि सनातन धर्म के पूजा स्थल को अपमानित करने वाले पर मुकदमा पंजीकृत हो। इस दौरान उनके साथ ब्रह्मचारी मृगेन्द्र भी मौजूद रहे। नरेन्द्र कुमार, प्रवीण कुमार जिला पंचायत सदस्य, नरेश कोरी, बबली राणा, यतेन्द्र प्रधान, रजत धीमान आदि सैंकड़ों की संख्या में लोग यहां यशवीर महाराज के समर्थन में मौजूद रहे।